

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 311

ग्वालियर, मंगलवार, 04 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### एकता कपूर के बाद अभिनेत्री डेलनाज ईरानी भी कोविड संक्रमित

**मुंबई।** मुंबई नगरी में कोरोना के मामले दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं।अभिनेता जॉन अब्राहम और उनकी पत्नी के बाद एकता कपूर के कोरोना संक्रमित होने की खबर हैं। अब अभिनेत्री डेलनाज ईरानी भी कोविड संक्रमित हुई हैं। वह अपने अलगे टीवी सीरियल %कभी-कभी इत्तेफाक से की शूटिंग कर रही थीं। शनिवार को ही उन्होंने अपना टेस्ट करवाया था, जिसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्होंने बताया कि जब वह शूटिंग कर रही थीं, तब उन्हें कंपकपी सी महसूस हो रही थी। इसके बाद उन्हें तेज बुखार और शरीर में दर्द होने की समस्या दिखाई दी। नए साल के दो दिन पहले ऐसा होने की वजह से वह मायूस हो गई थीं। लेकिन उनका मानना था कि यह दौर भी जल्द ही खत्म हो जाएगा। %मैं बहुत दुखी महसूस कर रही हूं, क्योंकि मैं सेट पर हर किसी को लगातार मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग फॉलो करने को कहती थी। मैं बेहद निराश हूं क्योंकि यब सब सला की शुरुआत में हुआ है। और मैं लंबे समय के बाद टीवी पर वापस आ रही थी लेकिन कहते हैं न कि सब कुछ परफेक्ट नहीं होता है, तो नजर लग जाती है। शायद यही हुआ है। मुझे खुद की नजर लग गई है।

### चन्नी के आगे झुक गए गुरु पहली बार सिद्धू ने की सीएम की तारीफ

**नई दिल्ली।** चरणजीत सिंह चन्नी के पंजाब के सीएम बनते ही बागी तेवर दिखाने वाले नवजोत सिंह सिद्धू अब नरम पड़ते दिख रहे हैं। दरअसल, रविवार को पंजाब के फगवाड़ा एक रैली के दौरान नवजोत सिद्धू ने सीएम चन्नी की जमकर तारीफ की। सिद्धू ने यह भी कहा कि पंजाब को सात दशक बाद एक दलित सीएम मिला है। सिद्धू ने इसके लिए कांग्रेस पार्टी को श्रेय दिया। सिद्धू ने रैली के दौरान सीएम चन्नी की तारीफ करते हुए कहा कि बहुत ही कम समय में उन्होंने एक उद्यमी पंजाब का मार्ग प्रशस्त किया है और सभी के लिए समानता और न्याय की आशा जगाई है। ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक, कांग्रेस को वंचितों का मसीहा बताते हुए, सिद्धू ने दावा किया कि अन्य सभी दल दलितों को कोई महत्वपूर्ण फायदा पहुंचाने में विफल रहे हैं। बीजेपी पर हमलावर होते हुए सिद्धू ने कहा, बीजेपी ने उनके (दलितों) लिए क्या किया। सिद्धू ने शिरोमणि अकाली दल, कैप्टन अमरिंदर सिंह और बीजेपी को एक ही सिक्के के अलग-अलग पहलू बताया। फगवाड़ा से कांग्रेस विधायक बलविंदर सिंह धालीवाल के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए सिद्धू ने दावा किया कि अब पंजाब बदल रहा है। सिद्धू ने कहा, हम एक नए पंजाब की ओर बढ़ रहे हैं। हम दलितों के कल्याण, शिक्षा, रोजगार और एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए लड़ रहे हैं। बीजेपी पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए सिद्धू ने कहा कि यह सब पंजाब में नहीं चलेगा। सिद्धू ने कहा कि यह गुरुओं की भूमि है जो सिर्फ एकता को जानती है।

### कर्नाटक में हिजाब पहनी छात्राओं को कॉलेज में नहीं मिला प्रवेश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उडुपी में महिला पीयू कॉलेज की छह मुस्लिम छात्राओं ने आरोप लगाया कि हिजाब पहनने की वजह से उन्हें कॉलेज प्रशासन ने परिसर में प्रवेश नहीं ?मिला। मामला कर्नाटक के बेंगलुरु से 400 किलोमीटर की दूरी पर स्थित उडुपी के सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी महिला कॉलेज का है। इन छात्राओं के माता-पिता ने कुछ ऐक्टिविस्ट्स के साथ कॉलेज प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन भी किया। छात्राओं ने यह भी शिकायत की कि उन्हें उर्दू, अरबी और बेरी भाषाओं में बात करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। छात्राओं ने दावा किया कि उनके माता-पिता ने प्राचार्य रुद्र गौड़ा से संपर्क भी किया, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर बातचीत से इनकार कर दिया। लड़कियों ने बताया कि पिछले तीन दिन से उनकी उपस्थिति भी नहीं दर्ज की जा रही है और उन्हें डर है कि इससे कॉलेज में उनकी उपस्थिति कम हो सकती है। वहीं कॉलेज के प्राचार्य रुद्र गौड़ा ने कहा कि छात्राएं परिसर में हिजाब पहन सकती हैं लेकिन कक्षा के भीतर इसकी अनुमति नहीं है। इस नियम का पालन कक्षा में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। प्राचार्य ने कहा कि इस मुद्दे पर जल्द ही अभिभावक-शिक्षक बैठक भी बुलाई जाएगी।

### मुंबई से गोवा जा रहे जहाज का स्टाफ कोरोना से संक्रमित हुआ, 2000 यात्री फंस गए

**मुंबई।** मुंबई से गोवा पहुंचे एक शिप (जहाज) के कर्मचारियों के कोरोना संक्रमित होने की खबर के बाद सनसनी फैल गई जिसके चलते 2,000 यात्री परेशाना में फंस गए हैं। उन्हें स्थानीय अधिकारियों ने तट पर उतरने की अनुमति नहीं दी है। जहाज के चालक दल का एक सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इसके बाद सभी यात्रियों को जहाज में ही रोक दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कॉर्डेलिया क्रूज एंप्रेस जहाज में सवार सभी यात्रियों की कोरोना जांच कराई गई है।

# नए वर्ष में करंट मार रहे पुराने साल के बिजली बिल

## बांटे जा रहे बिजली बिलों में 17 से 25 फीसद की बढ़ोतरी।

**भोपाल।** भोपाल के हजारों उपभोक्ताओं को नए साल में पुराने वर्ष की खपत के बिजली के बिल करंट मार रहे हैं। ये बिल दिसंबर 2021 की खपत के हैं। कंपनी ने एकदम से बिल की राशि 17 से 25 फीसद तक बढ़ाकर दी है। अब उपभोक्ता मनमाना बिजल बिल से परेशान हो रहे हैं। आने वाले दिनों में यह मुश्किलें और बढ़ेंगी, क्योंकि कंपनी ने अभी 100 फीसद उपभोक्ताओं को बिल नहीं बांटे हैं। केवल शुरूआत की है।



भोपाल शहर में 4.38 लाख उपभोक्ता है। जिन्हें हर माह बिजली कंपनी बिल वितरित करती है। ये बिल खपत के 15 दिन से लेकर एक माह बाद दिए जाते हैं। दिसंबर माह में जिन उपभोक्ताओं ने बिजली जलाई हैं उन्हें बिल देने शुरू कर दिए गए हैं। हर माह बिल बांटने का यही चक्र होता है। दर्जनों उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें एक जनवरी के बाद मिले बिल में राशि अधिक है। उपभोक्ता पूजा सिंह व अन्य ने बताया कि उनके घर हर माह 98 रुपये का बिजली बिल आता था जो इस माह 1700 से अधिक आया है। पूर्व में कभी इतना बिल नहीं आया था। यही हाल कई उपभोक्ताओं का है। पूजा सिंह ने बताया कि वह हर माह बिल चुकाती आई हैं। उनका पूर्व के महीनों का एक भी रुपये बकाया नहीं है। तब भी कंपनी उन्हें परेशान कर रही है। इतना ही नहीं, बिल ऐसे समय में अधिक दिया है जब उनका परिवार दिसंबर 2021 माह में कुछ दिन घर पर नहीं था स्वभाविक है। इस दौरान बिजली भी खपत नहीं की है। ऐसे में बिजली कंपनी पर सवाल उठ रहे हैं।

### अधिकारियों के तर्क

कंपनी के अधिकारियों ने पूर्व में ही तर्क दिए थे कि समाधान योजना के तहत पंजीयन नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को अगले माह से बकाया बिजली बिल की राशि सामान्य बिलों में जोड़कर दी जाएगी। अब अधिकारियों का कहना है कि जिन उपभोक्ताओं को बिलों की राशि अधिक लग रही है उनका पुराना बकाया होगा, जो सामान्य बिलों में जुड़कर आ रहा है। किसी भी उपभोक्ताओं की ज्यादा बिलिंग नहीं कर रहे हैं। जबकि उपभोक्ताओं का दावा है कि उनका कोई पुराना बकाया नहीं था।

## सीएम योगी के खिलाफ प्रत्याशी उतारेगी बसपा, जल्द चुनावी समर में उतारेगी बहनजी



**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश में होने वाले विधानसभा से पहले सभी राजनीतिक दल ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे है। जबकि चार बार की मुख्यमंत्री रहीं बसपा प्रमुख मायावती चुनावी समर में नहीं उतरी है।सोमवार को बसपा के राष्?ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के तुरंत बाद बहन जी के दौरे पूरे प्रदेश में होने वाले है।उन्होंने कहा कि वहां हर जिले में जाएगी। हम बीजेपी की तरह नहीं है कि सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर पत्थर लगाकर वोट मांगे। वहीं मुख्यमंत्री के चुनाव लड़ने के सवाल पर मिश्रा ने कहा है कि हम भी यहीं चाहते है, कि सीएम चुनाव लड़े और खुद देख ले की जनता के बीच में उनके लेकर क्या फीडबैक है।मिश्रा ने दावा कर कहा कि बीएसपी भी सीएम योगी के खिलाफ अपना प्रत्याशी उतारेगी और सीएम को चुनाव में हराएगा। पिछले दिनों यूपी के ब्राह्मण नेताओं के पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात को लेकर भी बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि इनके नेता खुद ये जानते है कि पूरे प्रदेश के ब्राहण इनसे नाराज है।यूपी के नेता ये बात समझ चुके है इसलिए पहले ही जाकर अपनी तरफ से हाथ खड़े कर रहे है, ताकि बाद में इनसे कोई कुछ ना कहे।

## नकवी बोले- भारत की मिली-जुली संस्कृति के विरुद्ध सांप्रदायिक साजिश कामयाब नहीं होगी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि देश की मिली-जुली संस्कृति के खिलाफ कोई भी 'साइबर आपराधिक सांप्रदायिक साजिश कामयाब नहीं होगी।' नकवी ने यह बात एक ऐप के जरिए मुस्लिम महिलाओं को निशाना बनाने को लेकर मचे बवाल के बीच पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही उन्होंने कहा कि सरकार मामले में कार्रवाई कर रही है और महिलाओं को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और उनकी 'सांप्रदायिक साजिश' का जल्द भांडाफोड़ किया जाएगा। कम से कम सौ प्रभावशाली मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें 'बुली बाई' ऐप पर 'नीलामी' के लिए अपलोड किए जाने पर मचे बवाल के बाद सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा था कि मेजबान मंच 'गिटहब' ने उपयोगकर्ता (यूजर) को ब्लॉक करने की पुष्टि की है तथा कम्प्यूटर आपदा प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी) और पुलिस अधिकारी आगे की कार्रवाई के लिए समन्वय कर रहे हैं। नकवी ने कहा कि नापाक मंसूबें रखने वाले कुछ लोग भारत को बदनाम करने की साजिश में शामिल हैं।



## सिद्धू ने कहा, फिर सरकार बनने में 5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा, नहीं तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा

**चंडीगढ़।** पंजाब में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।इस लेकर राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने की कोशिशें कर रहे हैं।इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने फगवाड़ा में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस सरकार बनने पर 5 लाख लोगों को रोजगार दिया जाएगा।अगर ऐसा नहीं हुआ,तब मैं राजनीति छोड़ दूंगा। फगवाड़ा विधायक बलविंदर सिंह धालीवाल द्वारा आयोजित रैली को संबोधित करते हुए सिद्धू ने कहा कि वह अपना वचन देते हैं, कि उनका 13 सूत्री कार्यक्रम गरीबों के कल्याण के लिए है। उन्होंने कहा कि मैं वादा करता हूं अगर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार फिर से बनने पर 5 लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी और अगर ऐसा नहीं हुआ,तब मैं राजनीति छोड़ दूंगा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधकर कहा कि प्रतिद्वंद्वी नेताओं को या भाजपा में शामिल होने या फिर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कार्रवाई का सामना करने की धमकी दे रहे हैं।




## किसानों के मुद्दे पर सत्यपाल मलिक बोले- बहुत घमंड में थे पीएम, मेरा उनसे झगड़ा हो गया

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर राज्य मेघालय के गवर्नर सत्यपाल मलिक कृषि कानूनों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर आक्रामक रहे हैं। हालांकि कृषि कानूनों की वापसी के बाद उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ भी की थी लेकिन एक बार फिर से उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है। दादरी में उन्होंने किसानों के बाद कहा कि पीएम से मैं मिलने गया तो वो बहुत घमंड में थे, मेरा उनसे झगड़ा हो गया। इतना ही नहीं उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने उनसे क्या कहा है। दरअसल, हरियाणा के दादरी में किसानों के एक कार्यक्रम में मेघालय के गवर्नर सत्यपाल मलिक रविवार को पहुंचे थे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इसी कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मैं जब किसानों के मामले में



प्रधानमंत्री जी से मिलने गया तो उनसे मेरी पांच मिनट में लड़ाई हो गई। वो बहुत घमंड में थे। जब मैंने उनसे कहा कि हमारे 500 लोग मर गए तो उन्होंने कहा कि मेरे लिए मरे हैं क्या। मैंने कहा आपके लिए ही तो मरे थे जो आप राजा बने हुए हो। फिर उन्होंने कहा कि आप अमित शाह से मिल लो। मैं अमित शाह से मिला। इतना ही नहीं इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कृषि कानूनों को वापस लेने के सरकार के फैसले पर कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा उसके अलावा वो कह भी क्या सकते थे। हमने अपने पक्ष में फैसला कराया है। मलिक ने कहा कि वे राज्यपाल, मंत्री, सांसद व विधायक रह चुके हैं। लेकिन सेवानिवृति के बाद उनके पास रहने के लिए अपना मकान नहीं है। हमेशा ईमानदारी से काम किया। यही उनकी ताकत है।



## न्यूज़ ट्रैक....

### आईस हॉकी टीम के सदस्यों को विमान से उतारा गया

**कैलगरी** । रूस और चेक गणराज्य की विश्व जूनियर आईस हॉकी टीम को नए साल की पूर्व संध्या पर कैलगरी से जर्मनी के फ्रेंकफर्ट जाने वाले विमान से उतारा, क्योंकि साथी मुसाफिरों ने कहा था कि रूस की टीम ने धूम्रपान करके और मास्क पहनने से इनकार करके हंगामा किया। उसकी हवाई अड्डा इकाई के अधिकारियों ने शुक्रवार शाम पांच बजकर 45 मिनट पर एयर कनाडा के विमान में हंगामे की शिकायत पर कार्रवाई की। बयान में हालांकि यह नहीं कहा गया कि किसने हंगामा किया और क्या किसी को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने सूचना देने के आग्रह पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। एयर कनाडा ने भी अब तक सूचना के आग्रह पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। टीम के सदस्य रेड डीयर और एडमंटन में रद्द की गई जूनियर चैंपियनशिप से स्वदेश लौट रहे थे। कोविड-19 के प्रकोप के कारण प्रतियोगिता को रद्द किया गया।

### डिकॉक के संन्यास से टीम का प्रदर्शन प्रभावित नहीं होगा : एल्गर

**सेंचुरियन**। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के कप्तान डीन एल्गर ने कहा है कि अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के अचानक खेल को अलविदा कहने से वह हैरान हैं पर इससे टीम के प्रदर्शन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। एल्गर को उम्मीद है कि टीम डिकॉक के नहीं होने के बाद भी बेहतर प्रदर्शन करेगी। 29 साल के डिकॉक एक अच्छे विकेट कीपर के साथ ही बेहतरीन बल्लेबाज भी हैं। एल्गर ने कहा, ''डिकॉक के संन्यास से मैं काफी हैरान था पर जब डिकॉक ने मुझे इसका कारण बताया तो मुझे यह ठीक लगा। मैं उनके फैसले का सम्मान करता हूं और पूरी तरह समझता हूं।'' एल्गर से जब पूछा गया कि क्या इस प्रकार के कदम से दूसरे खिलाड़ी भी प्रभावित होंगे तो उन्होंने कहा, '' मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिलाड़ी प्रभावित होगा। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की तरह पेश आये और आगे बढ़े। हमें इसे लेकर पेशेवर होने की जरूरत है। हम अभी एक टेस्ट सीरीज के बीच में है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि डिकॉक के संन्यास का किसी पर प्रभाव होगा।''

### वांडरर्स में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी क्रिकेटर बन सकते हैं विराट

**जोहानिसबर्ग** । टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली यहां मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में सात रन बनाते ही यहां वांडरर्स मैदान में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी बल्लेबाज बन जाएंगे। कोहली ने इस मैदान पर अब तक दो टेस्ट मैचों में कुल 310 रन बनाए हैं। इससे पहले इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान जॉन रीड ने बनाये थे। रीड के नाम 316 रन हैं। ऐसे में रीड से आगे निकलने के लिए विराट को केवल 7 रनों की और जरूरत है। इस मैदान पर टेस्ट फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज जैक कैलिस ने 1148 रन बनाये हैं। विराट के पास इस दौरे में पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ने का भी अवसर होगा। द्रविड़ दक्षिण अफ्रीका में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। द्रविड़ ने 11 टेस्ट में कुल 624 रन बनाए हैं जबकि कोहली ने 6 टेस्ट मैचों में अभी तक 611 रन बनाए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका में भारत की ओर से यहां सबसे ज्यादा रन महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम हैं।

# बंगाल रणजी टीम के सात सदस्य कोविड संक्रमित, मुम्बई से अभ्यास मैच रद्द

**कोलकाता** । बंगाल रणजी टीम के सात खिलाड़ियों संक्रमित पाये जाने के कारण उनकी रणजी ट्रॉफी की तैयारियों में बाधा आई है। इस नये घटनाक्रम के कारण बंगाल का मुंबई टीम से होने वाला दो दिवसीय अभ्यास मैच रद्द कर दिया गया है। बंगाल की टीम दूसरे अभ्यास मैच में भाग लेगी नहीं इसका फैसला अभी नहीं हुआ है। सीएबी ने इसके साथ ही सभी स्थानीय टूर्नामेंट को रोकने का भी फैसला किया है और कोविड-19 की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए मंगलवार को शीर्ष परिषद की आपात बैठक बुलायी है।

सीएबी के अध्यक्ष अविषेक डालमिया और सचिव स्न्होशीष गांगुली ने संयुक्त बयान में कहा, ''महामारी की मौजूदा स्थिति को देखते हुए बैठक के आयोजन तक सभी स्थानीय टूर्नामेंट को रोकने का फैसला किया गया है।'' इसमें कहा गया है, ''सीएबी ने इसके साथ ही 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के पंजीकृत खिलाड़ियों का टीकाकरण करवाने का भी निर्णय किया है।'' रणजी में बंगाल की टीम विदर्भ,



राजस्थान, केरल, हरियाणा और त्रिपुरा के साथ ग्रुप बी में रखी गयी है। उसे अपना पहला मैच 13 जनवरी से बेंगलुरू में त्रिपुरा से खेलना है। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के सचिव स्नेहाशीष गांगुली ने कहा, ''महामारी की स्थिति को ध्यान में देखते हुए बंगाल सीएबी ने सुरक्षा उपाय के तहत ही बंगाल के सभी क्रिकेटरों के आरटीपीसीआर परीक्षण कराये थे।'' इसमें कुछ खिलाड़ियों का कोरोना संक्रमित पाया गया है। सीएबी इस संबंध में हर प्रकार की जरूरी सावधानियां बरत रहा है।''प्राप्त जानकारी के अनुसार सुदीप चटर्जी, अनुस्तुप मजूमदार, काजी जुनैद सैफी, गीत पुरी, प्रदीप्त प्रमाणिक, सुरजीत यादव और सहायक कोच सौराशीष लाहिड़ी वायरस से संक्रमित पाये गये हैं। ये कोवड के किस स्वरूप से संक्रमित हैं इसका पता अभी नहीं चल पाया है।

### ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट में भी कोरोना का साया

ऑस्ट्रेलिया की टी-20 लीग ख्क्क में भी 11 खिलाड़ी समेत 19 लोग संक्रमित पाए गए थे। सिडनी थंडर्स के 4 खिलाड़ियों को कोरोना हुआ है। वहीं, मेलबर्न स्टार्स ने कहा था कि उनके 7 खिलाड़ी और 8 सपोर्ट स्टाफ संक्रमित पाए गए हैं। हालांकि, उन्होंने खिलाड़ियों के नाम नहीं बताए हैं। सोमवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के ष्टश्चह्न निक हॉकले भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इससे पहले पूर्व तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा और एशेज के पहले टेस्ट में शानदार शतक जड़ने वाले ट्रेविस हेड भी कोरोना संक्रमित पाए गए थे।

## जसप्रीत बुमराह को वनडे की उपकप्तानी पर सरनदीप सिंह ने जताई हैरान

नई दिल्ली । साउथ अफ्रीका के विरुद्ध 18 जनवरी से आरंभ होने जा रही 3 मैचों की एक दिवसीय श्रंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में पहली बार भारतीय टीम की कप्तानी केएल राहुल करेंगे। उन्हें वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं वनडे टीम की उपकप्तानी भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सौंपी गई है। जसप्रीत बुमराह को वनडे की उपकप्तानी सौंपे जाने से पूर्व भारतीय चयनकर्ता सरनदीप सिंह काफी हैरान हुए हैं।

सरनदीप ने कहा कि केएल राहुल नीली जर्सी में टीम इंडिया का नेतृत्व करेंगे। मुझे केएल राहुल पर पूरा भरोसा है लेकिन उप-कप्तान के रूप में जसप्रीत बुमराह मेरे लिए आश्चर्यजनक है क्योंकि उप-कप्तान के रूप में एक तेज गेंदबाज का नाम काफी अलग होता है क्योंकि वह बाउंड्री लाइन पर फिल्डिंग करता है। उनके लिए बाउंड्री से आना और हर गेंद या ओवर के बाद मैदान में हो रही मीटिंग्स में हिस्सा लेना मुश्किल होगा। वहीं विराट कोहली और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के बीच में चल रहे तनातनी पर भी सरनदीप सिंह ने अपना बयान दिया है। सरनदीप ने कहा कि विराट कोहली और चयनकर्ताओं के मुद्दे को बोर्ड को जल्द से जल्द सुलझाना होगा क्योंकि यह अभी बहुत लंबे समय से चल रहा है और मेरी राय में इस मामले को बंद करने का समय आ गया है।



इंडोनेशिया के साथ आसियान फुटबॉल फेडरेशन (एएफएफ) सुजुकी कप 2020 के दूसरे चरण का फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती थाईलैंड की टीम।

### मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड को कोरोना संक्रमित

**मेलबर्न** । अपने परिवार के साथ पृथकवास में रह रहे इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड को कोरोना संक्रमित पाया गया है। होबार्ट में होने वाले पांचवें टेस्ट मैच से पहले उनके टीम के साथ जुड़ने की संभावना है। सिल्वरवुड को सिडनी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले ही दल से बाहर हो गए थे। उनके परिवार के एक सदस्य के कोरोना से संक्रमित होने के बाद उन्हें पृथकवास में रहना पड़ रहा था। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बताया, सिल्वरवुड अपने परिवार के एक सदस्य के कोरोना संक्रमित होने के बाद 30 दिसंबर से मेलबर्न में पृथकवास पर हैं। वह आठ जनवरी तक पृथकवास में रहने वाले है। ईसीबी ने कहा कि सिल्वरवुड में बीमारी के लक्षण नहीं दिख रहे हैं और उनका पूर्ण टीकाकरण हो गया है। उन्होंने बताया, उम्मीद है कि होबार्ट में खेले जाने वाले पांचवें एशेज टेस्ट से पहले सिल्वरवुड की इंग्लैंड के दल में वापसी हो जाएगी। एशेज श्रृंखला के शुरुआती तीनों मुकाबलों में हार के बाद सिल्वरवुड को इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। कुछ पूर्व दिग्गजों ने उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है।

## बिग बैश लीग- कैच पकड़ने दर्शक ने लगाई छलांग, बुजुर्ग पर गिरा

**लंदन** । खेल दर्शक भी कभा-कभी जोश में खेल का हिस्सा बन जाते है ऐसा ही कुछ बीबीएल में होबार्ट हरिकेंस और ब्रिस्बेन हीट के बीच मुकाबले के दौरान हुआ जब एक दर्शक कैच पकडऩे के चक्कर में बुजुर्ग पर गिर गया। हालांकि बुजुर्ग को ज्यादा चोट तो नहीं आई लेकिन इस घटना ने खूब चर्चा बटोरी। सबसे खास बात यह रही कि दर्शक के हाथ से यह कैच छिटकने के बाद ग्राऊंड में बैठे जिस दूसरे दर्शक के पास गई तो उसने भी फुर्ती दिखाते हुए इसे एक हाथ से पकड़ लिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गई। घटनाक्रम तब हुआ जब ब्रिस्बेन हीट की पारी का 8वां ओवर चल रहा था।

रिले मेरेडिथ की एक गेंद पर बल्लेबाजी कर रहे सैम हेजलेट ने स्क्वायर लेग पर बड़ा शॉट लगा दिया। गेंद बाऊंड्री लाइन से पार थी ऐसे में दर्शक ने इसे पकडऩे के लिए छलांग लगाई। उसके हाथ से कैच जरूर छिटक गई लेकिन यह हाथ में लगने के बाद पास ही बैठे एक दर्शक की ओर चली गई। उक्त दर्शक ने इसे एक हाथ से पकड़ लिया।

मैच की अगर बात करें तो जेम्स बाजली की 27 गेंदों में 44 रन की पारी की बदौलत ब्रिस्बेन हीट ने 20 ओवरों में 150/8 रन बनाए थे। जवाब में होबार्ट हरिकेंस की टीम 136/8 रन ही बना सकी। जेवियर बार्टलेट ने 30 रन देकर 4 विकेट लिए। ब्रिस्बेन हीट ने यह मैच 14 रन से जीत लिया। बीते दिनों भी बिग बैश लीग के दौरान एक कैच को पकडऩे के चक्कर में दर्शक जख्मी हो गया था। दरअसल, बल्लेबाज का एक शॉट बाऊंड्री पार कर चुका था तभी दर्शक का गेंद पर ध्यान गया। वह पीछे हटता या गेंद कैच करता, गेंद उसके सिर पर जा लगी।

## व्यापार न्यूज

### सोना और चांदी में गिरावट




नई दिल्ली । नए साल 2022 के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत 0.14 फीसदी कम हो गई और इस कमी के साथ दस ग्राम सोने का भाव एमसीएक्स पर 48,032 रुपए पर आ गया। इसके साथ ही चांदी की कीमत भी 0.40 फीसदी तक गिर गई। इस गिरावट के बाद चांदी का भाव 62,411 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गया है। आभूषण बनाने के लिए ज्यादातर 22 कैरेट का ही इस्तेमाल होता है। कुछ लोग 18 कैरेट सोने का भी इस्तेमाल करते हैं। आभूषण पर कैरेट के हिसाब से हॉल मार्क बना होता है। 24 कैरेट सोने के आभूषण पर 999 लिखा होता है, जबकि 23 कैरेट पर 958, 22 कैरेट पर 916, 21 कैरेट पर 875 और 18 कैरेट पर 750 लिखा होता है। देश भर में सोने के आभूषणों की कीमत उत्पाद शुल्क, राज्य करों और मेकिंग चार्ज के कारण बदलती रहती है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं



मुंबई । घरेलू बाजार में सोमवार 03 जनवरी को पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। जबकि क्रूड ऑयल की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल के दाम में एक फीसदी की तेजी देखने को मिल रही है। क्रूड ऑयल के दाम 78 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा पर कारोबार कर रहा है। आईओसीएल के अनुसार देश के चारों महानगरों में पेट्रोल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल के दाम 95.41 रुपए प्रति लीटर पर हैं। वहीं दूसरी ओर कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत क्रमश- 104.67 रुपए, 109.98 रुपए और 101.40 रुपए प्रति लीटर हैं। वहीं नई दिल्ली में डीजल के दाम 86.67 रुपए, कोलकाता में 89.79 रुपए, मुंबई में 94.14 रुपए और चेन्नई में 91.43 रुपए प्रति लीटर हैं।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे फिसला



**मुंबई।** व्यापक आर्थिक आंकड़ों के कमजोर रहने के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को नए साल के पहले कारोबार दिवस पर 14 पैसे फिसलकर 74.43 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरावट लेकर 74.35 पर खुला और बाद में 14 पैसे लुढ़ककर 74.43 पर आ गया। वहीं छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 96.85 पर आ गया।

### नये साल के पहले दिन मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार

# सेंसेक्स में 330 अंक की तेजी और निफ्टी 17,460 पर

**मुंबई** । आईटी और ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में लिवाली के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स नए साल के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में 340 अंक चढ़ गया। सत्र की शुरुआत मजबूती के साथ करते हुए तीस शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स शुरूआती कारोबार के दौरान 339.44 अंक उछलकर 58,593.26 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी भी शुरुआती कारोबार में 108.90 अंक की तेजी के साथ 17,462.95 पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में टीसीएस, मारुति, एचसीएल टेक,



एलएंडटी, टेक महिंद्रा और विप्रो के शेयर वृद्धि में रहे। बीएसई के ऑटो, आईटी और फार्मा क्षेत्र की कुछ कंपनियां अच्छी बढ़त के साथ कारोबार कर रही थीं। वहीं दूसरी तरफ शुरूआती कारोबार के दौरान इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, डॉ रेड्डीज और एचयूएल के शेयर नुकसान में चल रहे थे। बीएसई सेंसेक्स वर्ष 2021 के आखिरी कारोबारी दिवस पर शुक्रवार को 459 अंक उछलकर 58,253.82 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार निफ्टी 150.10 अंक की बढ़त के साथ 17,354.05 अंक पर बंद हुआ था। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध खरीददार रहे।

## सावधानी से करें क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल, वरना बन जाएगा जी का जंजाल

नई दिल्ली । वर्तमान में डिजिटल लेन-देन की दुनिया में क्रेडिट कार्ड भी जरूरी हिस्सा बन चुका है। बहुत से लोग हैं, जो एकसाथ कई-कई क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते है। निश्चित ही क्रेडिट कार्ड बहुत ही काम की चीज है। दैनिक जीवन में शॉपिंग, बिल भुगतान, लेनदेन आदि जैसे तमाम फाइनेंशियल जरूरतों के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल से होते है। समझदारी से इसका इस्तेमाल ना केवल समय पर आपकी आर्थिक जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि घर से बाहर रहते हुए आपको टेंशन-फ्री फील कराता है। लेकिन जरा सी लापरवाही क्रेडिट कार्ड को जी का जंजाल बना देती है। आदमी कर्ज के जाल में एक बार फंसता है,तब फंसता ही चला जाता है। क्रेडिट कार्ड से बचत की जा सकती है, और इसके लिए एकसाथ कई क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से बचना चाहिए। क्रेडिट कार्ड के बिल का समय पर भुगतान करके बिल पर लगने वाले ब्याज से बचना चाहिए। क्योंकि क्रेडिट कार्ड के बिल पर ऊंची ब्याज दर का भुगतान करना पड़ता है। क्रेडिट कार्ड की लिमिट आपकी महीने की सैलरी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। क्योंकि क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग करते समय यह ध्यान नहीं रहता है कि आपके द्वारा कितनी शॉपिंग हो चुकी है।इसकारण कार्ड की लिमिट अपनी क्षमता में ही होनी चाहिए।ताकि बिल का भुगतान करते समय सोचना ना पड़े। क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ने से हमारे ऊपर ईएमआई का बोझ ही बढ़ता है। क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग या फिर अन्य बिलों का भुगतान करने के दौरान कुछ रिवार्ड प्वाइंट मिलते हैं।इन रिवार्ड से आप अगली शॉपिंग पर छूट पा सकते हैं।

## चीन का कर्ज चुकाते-चुकाते इस साल दिवालिया हो सकता है श्रीलंका!

नई दिल्ली । श्रीलंका में वित्तीय और मानवीय संकट गहरा गया है। महंगाई उच्च स्तर पर पहुंच गई है, खाद्य पदार्थों की कीमत में बेतहाशा तेजी आई है और सरकारी खजाना तेजी से खाली हो रहा है। इससे आशंका जताई जा रही है कि श्रीलंका इस साल दिवालिया हो सकता है। सवाल यह है कि श्रीलंका की यह हालत कैसे हुई। इसके कई कारण हैं। कोरोना संकट के कारण देश का टूरिज्म सेक्टर बुरी तरह प्रभावित हुआ। साथ ही सरकारी खर्च में बढ़ोतरी और टैक्स में कटौती ने हालात को और बदतर बना दिया। ऊपर से चीन के कर्ज को चुकाते-चुकाते श्रीलंका की कमर टूट गई। देश में विदेशी मुद्रा भंडार एक दशक के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। सरकार को घरेलू लोन और विदेशी बॉन्ड्स का भुगतान करने के लिए पैसा छापना पड़ रहा है। विश्व बैंक के अनुमानों के मुताबिक महामारी के शुरू होने के बाद से देश में 500,000 लोग गरीबी के मकड़जाल में फंस गए हैं। नवंबर में महंगाई 11.1 फीसदी के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस कारण जो परिवार पहले संपन्न माने जाते थे, उनके लिए भी दो जून की रोटी जुटानी मुश्किल पड़ रही है। देश के अधिकांश परिवारों के लिए अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करना ही भारी पड़ रहा है। देश में इकनॉमिक एमरजेंसी घोषित करने के साथ ही सेना को जरूरी चीजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन इससे भी लोगों की परेशानी दूर नहीं हुई। श्रीलंका की कुल जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 10 फीसदी है लेकिन महामारी के कारण यह सेक्टर सबसे अधिक प्रभावित हुआ है।

### रिलायंस और टीसीएस से कम होगा एलआईसी का मूल्यांकन!

**नई दिल्ली** । देश की प्रमुख बीमा कंपनी एलआईसी के आईपीओ का निवेशकों को बेसब्री से इंतजार है। माना जा रहा था कि यह देश की सबसे मूल्यवान कंपनी होगी लेकिन सरकार इसका मूल्यांकन अनुमान से कहीं कम कीमत पर कर सकती है। इसका वैल्यूएशन लाखों करोड़ रुपएका होगा लेकिन यह सिंगल डिजिट में होगा। यानी इसका वैल्यूएशन 10 लाख करोड़ रुपए से कम होगा। अगर ऐसा हुआ तो यह देश के सबसे अमीर मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस और टीसीएस के बाद देश की तीसरी सबसे मूल्यवान कंपनी होगी। अभी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजा मूल्यांकन 16 लाख करोड़ और टीसीएस का 13.8 लाख करोड़ रुपए है। हालांकि कंजरवेटिव वैल्यूएशन के बाद भी एलआईसी का आईपीओ देश का अब तक का सबसे बड़ा इश्यू होगा।

पॉलिसीहोल्डर्स को आईपीओ में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने

## भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर दुनिया में सबसे ऊंची रहेगी : आशिमा गोयल

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे सामान्यीकरण की ओर बढ़ रही है लेकिन कमजोर क्षेत्रों के लिए प्रोत्साहन और समर्थन जारी रहेगा। उनका मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर दुनिया में सबसे ऊंची रहेगी। आगामी बजट में सरकार द्वारा मजबूती के पथ पर कायम रहने की घोषणा से नियंत्रण और अनुकूलता को लेकर एक अच्छा संकेत मिलेगा। भारत बेहतर वृहद आर्थिक मानदंडों के आधार पर काफी मुश्किल समय से बाहर निकल आया है। भारत की वृद्धि दर दुनिया में सबसे ऊंची रहने की उम्मीद है। इसके अलावा महंगाई दर भी संतोषजनक स्तर पर रहेगी। मौद्रिक-राजकोषीय समन्वय ने अच्छा काम किया है और प्रोत्साहन पर्याप्त हैं लेकिन इन्हें अत्यधिक नहीं कहा जा सकता। हम सामान्यीकरण की दिशा में धीरे-धीरे कदम बढ़ा रहे हैं। हालांकि कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों के लिए कुछ प्रोत्साहन और समर्थन जारी हैं। देश के वित्तीय क्षेत्र की सेहत दुरुस्त है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 9.5 प्रतिशत कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने 2021 में 9.5 प्रतिशत और अगले वर्ष 8.5 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। अर्थव्यवस्था के लिए कोविड-19 के नए स्वरूप के खतरे पर गोयल ने कहा कि उत्पादकता बढ़ाने के उपायों और उचित नीतिगत समर्थन के साथ पुनरुद्धार टिकाऊ होना चाहिए। अब देश महामारी की एक और लहर का सामना करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार है। दूसरी लहर में अर्थव्यवस्था में व्यवधान कम था क्योंकि स्थानीय स्तर पर लॉकडाउन के साथ आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं सीमित रही थीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को कोविड-19 के अधिक संक्रामक नए स्वरूप ओमीक्रॉन के पहले मामले की जानकारी दक्षिण अफ्रीका से 24 नवंबर को मिली थी। उन्होंने कहा कि घोषित सुदृढ़ीकरण के पथ पर टिके रहना नियंत्रण और पूर्वानुमान के लिए अच्छा रहेगा। अधिक पारदर्शिता जैसे सुधारों को जारी रखा जाना चाहिए।

# पुलिस की निष्क्रियता के चलते बढ़ रहे हैं अपराधः पंकज उपाध्याय

## बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में दिया थाने में धरना

**जौरा।** नगर में दिनदहाड़े चोरियों एवं बढ़ते अपराधों से भयभीत नागरिकों एवं व्यापारियों के साथ मध्य प्रदेश कांग्रेस के महासचिव जौरा विधानसभा से कांग्रेसी प्रत्याशी रहे पंकज उपाध्याय ने सैकड़ों व्यापारियों के साथ ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर गांधीवादी तरीके से धरना दिया। जिसे एसडीओपी मानवेंद्र सिंह कुशवाहा के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 3 जनवरी सोमवार को पंकज उपाध्याय सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों नागरिकों के साथ नगर में हो रही दिनदहाड़े ताबड़तोड़ बढ़ते अपराधों के विरोध में धरना आंदोलन करने थाने पहुंचे।

पंकज उपाध्याय ने कहा कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते अपराध हो रहे हैं, दिनदहाड़े गोलियां चल रही है, मोटरसाइकिलों की चोरियां हो रही हैं, राह चलते लोगों से बदमाश मोबाइल छीन कर ले जाते हैं व लोगों की जेब भी कट रही है। इससे स्पष्ट है कि जौरा नगर में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत कार्यालय के पास पप्पू जैन के यहां गोलियां चली, सब्जी मंडी में प्रकाश आइसक्रीम बालों के यहां अपराधियों ने गोलियां चलाई, पंजाबी गली के पास भी ब्यूटी पार्लर संचालक के यहां दिनदहाड़े गोली चली, नगर के हृदय स्थल गढ़ी स्कूल के पास भी गोलीबारी की घटना हुई। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि 3 दिनों में दो बड़ी चोरियां हो गई। सर्राफा व्यापारी की दुकान से लगभग 20 लाख की चोरी और त्यागी परिवार के घर से लगभग 20 लाख की चोरी की घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि चोरों में पुलिस का कोई डर नहीं रहा। पंकज उपाध्याय का यह भी आरोप था कि जौरा थाने में 1 वर्ष का रिकॉर्ड उठाकर देखा जाए तो 7 महीने तो सब इंस्पेक्टर से टी आई का कार्य कराया गया है जबकि जोरा थाना बड़ा थाना है। इसके बावजूद राजनैतिक दबाव के चलते सब इंस्पेक्टर से टीआई गिरी कराई जाती है। 1 वर्ष के भीतर लगभग 7 थाना प्रभारियों का ट्रांसफर हो चुका है।



व्यापारी राजेश गोयल का कहना था कि रात में गश्त नहीं होती है जिसका फायदा अपराधी व चोर उठा रहे हैं, उन्होंने कहा कि आज बुधवार तक चोरी बरामद नहीं हुई तो गुरुवार से अनिश्चितकालीन बाजार बंद करेंगे। इस दौरान अन्य व्यापारी विवेक अग्रवाल व सुनील सिंघल का भी कहना था कि नगर में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है, अपराधियों के हौसले बुलंद है इसीलिए चोरी लूट की घटनाएं हो रही है। धरना आंदोलन के दौरान एसडीओपी मानवेंद्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि शीघ्र ही चोरियों को बरामद कर लें। उन्होंने यह भी कहा कि आपकी अन्य जो मांगे हैं, उन्हें हम 15 दिन में पूरा करेंगे एसडीओपी के लिखित आश्वासन पर ही धरना आंदोलन को समाप्त किया गया। बाजार भी रहे बंद लगातार चोरी, गोलीबारी, जेब कटी जैसी आपराधिक घटनाओं से नाराज आक्रोशित व्यापारियों ने थाने पर धरना आंदोलन के साथ-साथ 2 घंटे के लिए अपने-अपने बाजार प्रतिष्ठानों को भी बंद रखा। इस दौरान ओमप्रकाश गुप्ता, अभिषेक जैन, राजेश सिंघल, राजू मंत्री, नरेंद्र त्यागी, राजेश गोयल, प्रमोद शर्मा, पवन शर्मा, मनोज गुप्ता, दिलीप काला, बनवारी लाल गर्ग, विजय बंसल सर्राफ, संजीव गर्ग, अजीत वर्मा, अर्पित पाराशर, छोटू त्यागी, संतोष शर्मा, आशु शर्मा, हरिओम कुमार, ओम प्रकाश, आशु पटवा, दिनेश शर्मा सहित हजार से अधिक व्यापारी भी मौजूद थे।

## डीएसपी के नेतृत्व में मिहोना पुलिस ने 10 लाख रुपए की स्मैक के साथ 4 तस्करों को पकड़ा

**लहार( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

एसपी श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व एवं स्क्र श्री कमलेश खरपुसे तथा छस्क्र महिला सेल पूनम थापा एवं छस्क्र अजाक श्री अरविन्द शाह के मार्गदर्शन में नशाखोरी के विरुद्ध अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मुखबिर सूचना पर से इन्दानगर, भीमनगर से एक आरोपी व एक आरोपिया पकड़े गये।जिनके कब्जे से क्रमश 15 ग्राम एवं 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ÷स्मैक÷ बरामद की गई।उक्त कार्यवाही पर से थाना हाजा पर अपराध क्रमांक 01/22 धारा 08/21 एनडीपीसी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था तथा आरोपीगणों से पूछताछ उपरांत एवं उनके निशादेही पर डी. एस. पी महिला सेल सुश्री पूनम थापा के नेतृत्व में कड़कड़ाती ठण्ड में सुबह 5 बजे कस्वा मिहोना में दबिश देकर एक आरोपी एवं आरोपिया के कब्जे से क्रमश 30 ग्राम एवं 40 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ÷स्मैक÷ बरामद की गई। उक्त आरोपिया पिछले समय से भी शातिराना अंदाज में स्मैक की तस्करी कर रही थी तथा इस पर पूर्व से ही ग्वालियर में भी अपराध दर्ज है। उपरोक्त चारों आरोपियों से कुल अवैध मादक पदार्थ ÷स्मैक÷ 95 ग्राम कीमती लगभग 10 लाख रुपये बरामद की गई। उपरोक्त चारो आरोपीगण स्मैक के एक रैकेट के तहत काम करते थे तथा उक्त अन्य तीन आरोपी फरार हैं। जिनके द्वारा स्मैक की बड़ी खेप उ0प्र0 के मैनपुरी व जालौन जिले से कस्बा मिहोना के जरिये अपने ऐजेंट भिण्ड में भिजावाई जाती थी,जिसके द्वारा स्मैक की बड़ी खेप को खुदरा की कीमत पर विक्रय की जाती थी। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी उपरांत स्मैक की बड़ी खैप पकड़ी जाने की संभावना हैं।उक्त अवैध मादक पदार्थ ÷स्मैक÷ की बरामदगी कार्यवाही में निरीक्षक आर. के. शर्मा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, उपनिरी0 रवि सिंह तोमर, उपनिरी0 प्रमोद सिंह तोमर, प्रआर, अवधेश सिंह चौहान, आर. जितेन्द्र सिंह यादव, आर. सुशील शर्मा, आर. अनिल बघेल, आर. अभिषेक यादव एवं आर. ड्राइवर प्रकाश सिंह तोमर, थाना प्रभारी मिहोना संजय सिंह सोनी, उपनिरी, कमलकांत दुबे, प्रआर, शेर सिंह, आर. जितेंद्र गुर्जर, आर. प्रदीप तोमर, आर. धर्मेन्द्र तोमर, सैनिक ओमप्रकाश एवं सायबर सेल प्रभारी शिवप्रताप, सउनि सत्यवीर एवं उनकी टीम तथा महिला थाना प्रभारी उपनिरी0 गीता सिकरवार एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।




# जादू नहीं विज्ञान है, समझना, समझाना आसान है, विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**मुरैना।** विज्ञान प्रदर्शनी अंतर्गत विज्ञान के प्रति जागरूकता अभियान जादू नहीं विज्ञान है, समझना, समझाना आसान है, गतिविधि का विकासखंड स्तरीय आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 मुरैना में किया गया। विकास खंड विज्ञान अधिकारी डॉ राकेश कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम विकास खंड शिक्षा अधिकारी मुरैना अनूप त्रिपाठी के मार्गदर्शन मैं संपन्न हुआ, जिसमें विकासखंड मुरैना के अंतर्गत आने वाले हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा विज्ञान का प्रदर्शन किया गया। समाज में फैले अंधविश्वास कुरीति एवं जादू टोने को लेकर जो भ्रांतियां थी, उनको किस प्रकार बाबा पाखंडी अन्य जादू टोने वाले बेवकूफ बनाकर धन लूटते हैं, इसको लेकर प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में जादुई रूप से कागज की सीट पर लिखना, पानी में आग लगाना, नारियल की जटाओं में आग लगाना, नींबू को काटकर उसके अंदर से लाल रंग को दिखाना आदि गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा यह भी बताया गया कि यह गतिविधि विज्ञान की किस घटना से संबंधित है तथा इसमें कौन-कौन से केमिकल का उपयोग किया गया है और उनके प्रयोग से यह सब घटनाएं घटित होती हैं, जिसे बाबा और पाखंडी साधु संत अपने स्वार्थ के लिए लोगों को डरा धमका कर भूत प्रेत का साया बताकर धन लूटते हैं। इस प्रदर्शन में नोडल अधिकारी के रूप में संस्था के प्राचार्य एसआर गुर्जवार द्वारा विजेता टीमों की घोषणा की, जिसमें प्रथम स्थान पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 मुरैना, द्वितीय स्थान पर शासकीय हाई स्कूल सुर्जनपुर, तृतीय स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नायकपुरा, चतुर्थ स्थान पर शासकीय हाई स्कूल किशनपुर, पांचवे स्थान पर हाईस्कूल जीगनी रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीवी शर्मा, धीरेन्द्र शर्मा सहायक विकास खंड विज्ञान अधिकारी, अजय तोमर, बृजकिशोर कुशवाह, हरि चरण राजपूत, श्रीमती कल्पना सक्सेना, सुनीता शर्मा, सुनील बंसल, मनोज पचौरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




## शिवपुरी जिले में शुरू हुआ 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण अभियान



**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

शिवपुरी में सोमवार से 15 से 18 वर्ष के बच्चों का वैक्सीनेशन शुरू हो गया है। बच्चों में वैक्सीनेशन को लेकर काफी उत्साह दिखा। शिवपुरी में छात्रा अंशिका को पहला डोज लगाया गया। शानिया का कहना है कि उसे पहले काफी डर लग रहा था, क्योंकि उसे पहला टीका लगाया जाना था, वैक्सीन लती तो पता ही नहीं चला। शानिया की तरह ही अन्य छात्राओं का कहना था कि वह वैक्सीनेशन को लेकर काफी उत्साहित हैं। आज सभी स्कूलों में बच्चों को लगाई गई को-वैक्सीन तो वहीं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. संजय ऋषिश्वर के अनुसार सरकार द्वारा तय गाइड लाइन के अनुसार सभी स्कूलों में बच्चों को को-वैक्सीन लगाई जा रही है। 50 डॉक्टरों की अलग-अलग टीम भी बनाई गई है जो स्कूलों में जाकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। बच्चों को रिएक्शन की स्थिति में एएफआई किट प्रत्येक स्कूल में रखी गई है। जरूरत पड़ने पर उसका उपयोग किया जाएगा व डॉक्टर भी सूचना पर तत्काल स्कूल पहुंचेंगे।

# बच्चे देश का भविष्य है, इन्हें शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करारों: केन्द्रीरा मंत्री

## -जिले में एक लाख 43 हजार 256 बच्चों को लगेगा वैक्सीन

**मुरैना।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। इन्हें स्वस्थ्य रखना हमारी पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देते हुये कहा कि उनके अथक प्रयासों से 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों को वैक्सीनेशन का कार्य सोमवार से प्रारंभ हो गया है। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि मुरैना जिले में 1 लाख 43 हजार 256 बच्चों को वैक्सीनेशन किया जाना है, इनमें से सोमवार को प्रथम दिन 241 स्कूलों पर 30 हजार बच्चों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी पूर्ण करायें। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर नई दिल्ली से गूगल मीट के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर नील वर्ल्ड स्कूल में किया गया। जहां मध्यप्रदेश पिछड़ावर्ग एवं वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, कलेक्टर बी.कार्तिकेयन, जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन, एसडीएम, शिक्षा, स्वास्थ्य, जिला टीकाकरण अधिकारी, डीपीएम सहित स्कूल के प्राचार्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थीं। कार्यक्रम के अंत में नील वर्ल्ड स्कूल में मध्यप्रदेश पिछड़ावर्ग एवं वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना एवं डॉ योगेशपाल गुप्ता ने टीकाकरण कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर कक्षा 11वीं के छात्र कृष्णा और कु. अमिका गोयल को प्रथम डोज वैक्सीन का लगाया।




## लड़कियों के लिये अलग से रूम बनायें: कलेक्टर

**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने एक्सीलेंस स्कूल नंबर-1 मुरैना का भ्रमण कर चल रहे कोविड वैक्सीनेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य ने बताया कि 12 बजे तक 160 बच्चों को वैक्सीनेशन किया जा चुका है। उन्होंने अपने समक्ष ही अंकित डंडोतिया के वैक्सीनेशन का अवलोकन किया और उसके किये जो रहे ऑनलाइन दस्तावेज की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि छात्रों को अधिक समय तक लाइन में न लगना पड़े। इसके लिये क्लास रूम में ही ऑनलाइन की पूर्तियां करा ली जायें। कलेक्टर ने कहा कि वैक्सीनेशन के लिये लड़का-लड़कियों के लिये अलग-अलग रूम होने चाहिये। लड़कियों के लिये कम्पाउन्ड बनाया जाये। वहां पर सिर्फ महिला कर्मचारी, शिक्षिका ही तैनात की जायें। इस प्रकार के आदेश शासकीय, अशासकीय स्कूलों में जिलाशिक्षाधिकारी जारी करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह, जिला शिक्षाधिकारी सुभाष शर्मा उपस्थित थे।



# वैक्सीनेशन में भाजपाइयों और अधिकारियों ने किया किशोरों का अभिनन्दन

**अम्बाह।** 15 से 18 आयु वर्ष के बच्चों के वैक्सीनेशन शुभारंभ पर आज भाजपाइयों और अधिकारियों ने किशोरों का अभिनन्दन कर वैक्सीनेशन के लिए प्रोत्साहित किया। नगर में आज दो वैक्सीनेशन सेंटर ब्राइट कैरियर एकेडमी और उत्कृष्ट विद्यालय बनाए गए थे। वैक्सीनेशन सेंटर ब्राइट कैरियर पर चिकित्सालय प्रभारी डॉ डी एस यादव, नपा सीएमओ रामनिवास शर्मा, समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कंचन चौहान, नगर मण्डल अध्यक्ष अखिलेश शर्मा कल्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता बच्चू लाल गुप्ता, कविन्द्र सिंह तोमर, खुशी लाल श्रीवास, महावीर शर्मा ने उपस्थित बच्चों का माल्यार्पण कर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ डी एस यादव ने बच्चों की वैक्सीनेशन सम्बंधी भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों, किशोरों, युवाओं में इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत करता है, जिससे लोग से लड़ने की क्षमता बढ़ती है और हम कोरोना वेरिएंट के दुष्प्रभाव से बच सकते हैं। समाजसेवी डॉ सुधीर आचार्य ने युवाओं को बताया कि वैक्सीनेशन के बाद भी मास्क का प्रयोग अवश्य करें और सावधानी बरतें। आज जिन किशोरों ने वैक्सीनेशन कराया है उनको सेकंड डोज 28 दिन बाद 30 जनवरी को इसी सेंटर पर लगाया जाएगा।



# गणेश मरैया स्मृति कार्यक्रम: किसान आंदोलन अंत नहीं आगाज है: जसविंदर सिंह

**सबलगढ़।** क्षेत्र के जाने-माने वामपंथी नेता गणेश मरैया की तीसरी पुण्यतिथि पर स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर किसान आंदोलन क्या पाया-क्या है आगे का रास्ता विषय पर सेमिनार का आयोजन मुन्ने खां टेलर भवन पर किया गया। इस मौके पर सेमिनार को संबोधित करते हुए किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जसविंदर सिंह ने बताया के तीनों कृषि विरोधी काले कानूनों को लेकर चलाया गया कृषि आंदोलन 380 दिन से ज्यादा चला। इसमें 715 से अधिक किसान शहीद हुए। अंततः सरकार को झुकना पड़ा,काले कानून वापस हुए, किसानों की जीत हुई। लेकिन यह आंदोलन अंत नहीं है, आगाज है। उन्होंने आंदोलन की प्रमुख विशेषताओं के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें 500 से ज्यादा किसान संगठन एक मंच पर आए और उनकी एकता आखिरी तक बनी रही। आंदोलन किसान मजदूर एकता का भी प्रतीक रहा। भीषण दमन को झेलते हुए आगे बढ़ा, आंदोलन को बदनाम करने की सभी कोशिशें नाकाम हुई। यहां तक कि आजादी के बाद का यह सबसे बड़ा ऐतिहासिक, शांतिपूर्वक तरीके से चलने वाला आंदोलन था। आंदोलन ने सरकार का एजेंडा बदल दिया। सांप्रदायिकता की राजनीति पर चोट की और इसने राजनीतिक एजेंडा निर्धारित करते हुए करते हुए मिशन भाजपा हराओ भी चलाया। आंदोलन ने कॉरपोरेट परस्त, निजीकरण पर भी रोक लगाई। जनतंत्र की जीत सुनिश्चित की। देश को रास्ता दिखाया है। इससे देश प्रेमी ताकतों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। देश को, संविधान को, लोकतंत्र को बचाने के संघर्ष को आगे बढ़ाया है तथा इसे और आगे ले जाना है। सेमिनार को पूर्व न पा अध्यक्ष किसान नेता अशोक तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमल रावत, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता, पूर्व सीएमओ मुन्नालाल करोसिया, माकपा जिला सचिव महेश प्रजापति, पत्रकार द्वारिका प्रसाद, गोपाल सोनी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नपा अध्यक्ष मुरारी लाल धाकड़ ने किया। इस सेमिनार की अध्यक्षता आदिराम आर्य, जालिम सिंह धाकड़, मुन्ना लाल करोसिया के अध्यक्ष मंडल द्वारा की गई। आयोजन में गयाराम सिंह धाकड़, अशोक राठौर, इसराइल खान, फरीद खान, कोक सिंह, अरविंद सगर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों जनतांत्रिक आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने भागीदारी की।



## तरक्की की राह

पिछले दो साल से कोरोना महामारी पूरी दुनिया के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। कई देशों की अर्थव्यवस्था की कमर टूट चुकी है और छोटे देश हाथ खड़े कर चुके हैं। महामारी की शुरुआत में दुनिया भर के देश भारत को लेकर जिस तरह की बातें कर रहे थे, वह सब बेमानी साबित हुई हैं। 2020 में पहली लहर और 2021 में दूसरी लहर के बाद भारत 2022 में कई देशों के लिए रोल मॉडल बनने की राह पर है। जब पूरी दुनिया महामारी से लड़ रही थी, तब भारत ने स्टार्टअप के रूप में नए कारोबार का सृजन किया। इस साल स्टार्टअप ने न सिर्फ दो लाख से ज्यादा नौकरियां दीं, बल्कि संक्रमण के दौर में अर्थव्यवस्था को संभालने में भी योगदान किया। सरकार के प्रयासों के दम पर 2021 में घरेलू स्टार्टअप को 36 अरब डॉलर का निवेश मिला, जो 2020 के मुकाबले तीन गुना ज्यादा है। इस साल 33 स्टार्टअप यूनिकॉर्न जिससे बन गए, ब्रिटेन को पीछे छोड़कर भारत दुनिया में नंबर-3 बन गया। खास बात है कि तकनीक और नवाचार की बदौलत मेट्रो शहरों के साथ टियर-1 और टियर-2 क्षेत्रों में भी पिछले तीन साल में स्टार्टअप का विस्तार हुआ है। देश में कुल स्टार्टअप में टियर 1 और टियर-2 शहरों की हिस्सेदारी बढ़कर 45 फीसदी पहुंच गई है। तकनीकी कंपनियों के दमदार प्रदर्शन और नए स्टार्टअप आने की बदौलत आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ने इस साल सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। बीते तीन वर्षों में कुल इतने आईपीओ नहीं आए, जितने सिर्फ 2021 में आए। कर्ज चुकाने और कारोबारी विस्तार के लिए 63 कंपनियों ने कुल 1, 18, 704 करोड़ रुपये आईपीओ से जुटाए। यह पिछले साल 15 आईपीओ से जुटाए 26,613 करोड़ से करीब साढ़े चार गुना है। आईपीओ का औसत आकार 1,884 करोड़ रुपए रहा। हालांकि, पेटीएम, स्टारहेल्थ जैसे कुछ बड़े आईपीओ ने निवेशकों को निराश भी किया। इसके बाद आए आईपीओ में एक-दो को छोड़ बाकी नुकसान के साथ सूचीबद्ध हुए। नए साल में हर किसी की नजर भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के आईपीओ पर है। सरकार इस आईपीओ के जरिये अपनी हिस्सेदारी बेचेगी इससे 1 लाख करोड़ जुटाने की योजना है। अडानी विल्मर, ओला, फ्लिपकार्ट और स्नैपडील जैसी कंपनियां भी आईपीओ ला सकती हैं। वहीं, इलेक्ट्रॉनिक वाहन उपकरण, सोलर पैनल, बैटरी, खिलौने और उपभोक्ता उत्पाद सहित सैकड़ों सामान के लिए हम दूसरे देशों से आयात पर निर्भर हैं महामारी ने सीमा पार व्यापार पर असर डाला और आयात में कमी की मार महंगाई के रूप में सामने आई। ऐसे में 13 क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की। 1.97 लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया जाएगा देश की विनिर्माण कंपनियों को योजना के तहत इससे भारत को दुनिया की फैक्टरी बनाने का लक्ष्य पूरा होगा। उत्पादन बढने से निर्यात भी 465 अरब डॉलर सालाना के महत्वाकांक्षी स्तर तक पहुंच सकता है। संकटग्रस्त दूरसंचार क्षेत्र के लिए यह साल कई मायनों में राहत भरा रहा। कंपनियों को बकाया भुगतान से राहत देने के साथ 5जी सेवाएं शुरू करने के लिए दिशा में कई कदम उठाए। घरेलू और विदेशी कंपनियों के सहयोग से 5जी सेवा के लिए प्रदाता चुनने का काम पूरा किया। इसमें चीनी कंपनियों को बाहर रखा और एयरटेल, जियो और घरेलू कंपनियों को ज्यादा अवसर दिए। सरकार के इन राहत भरे कदमों की वजह से दूरसंचार कंपनियां 5जी प्रौद्योगिकी में अधिक आक्रामक तरीके से निवेश कर सकेंगी। वे अगले वित्त वर्ष में 5जी सेवाओं पर 1.5 से 1.8 लाख करोड़ रुपए निवेश कर सकती हैं।

# गांवो का भी हो समुचित विकास ?

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हमारे देश में चारों तरफ शहरों के विकास की बात की जा रही है। सरकारी भी शहरों के विकास के लिये स्मार्ट सिटी परियोजना को लेकर बहुत गंभीरता से काम कर रही है। देश के नीति निर्धारकों का मानना है कि शहरों के विकास से ही देश का विकास हो पाएगा। इसी सोच के कारण तेजी से शहरीकरण बढ़ रहा है। रोजगार की तलाश में बड़ी संख्या में लोग शहरों की तरफ निरंतर पलायन करते जा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में आबादी का दबाव इतना अधिक हो गया है कि वहां पर रखने को भी जगह नहीं मिल रही है। लोग गंदे नालों के किनारे झुग्गी-झोपड़ियों में रहते हैं।

भारत गांवों का देश है। भारत में गांवों के विकास के बिना समग्र भारत का विकास संभव ही नहीं है। महात्मा गांधी हमेशा कहा करते थे कि भारत के वास्तविक विकास का तात्पर्य शहरी औद्योगिक केंद्रों का विकास नहीं बल्कि मुख्य रूप से गांवों का विकास ही है। हमारे देश की जनसंख्या का एक बडा हिस्सा आज भी ग्रामीण क्षेत्र में निवास करता है। देश की इस विशाल जनसंख्या को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करवाये बिना देश का समग्र विकास अधूरा है। इसीलिये ग्रामीण विकास ही राष्ट्रीय विकास का केंद्र बिंदु है।

सरकार चाहे केंद्र की हो या राज्य की सभी का ध्यान शहरों के इर्द-गिर्द ही उद्योग धंधे, कल-कारखाने स्थापित करने की तरफ रहता है। कल कारखानों से निकलने वाली धुंआ, गटर का गंदा पानी, वाहनों से होने वाले प्रदूषण की मार से देश के प्राय सभी शहर कराह रहें हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों द्वारा बढ़ते प्रदूषण को लेकर लगातार चेतावनी जारी की जा रही है। उसके दुष्परिणामों से लोगों को अवगत करवाया जा रहा है। उसके उपरांत भी सरकारों का पूरा ध्यान शहरों में ऐसे कल कारखानों की स्थापना की और अधिक है। जिनके लगने से प्रदूषण में बढ़ोतरी होना तय माना जा रहा है। मगर फिर भी वास्तविकता को कोई समझना ही नहीं चाहता है।

शहरों के उलटे गांव में आज भी स्वच्छ पर्यावरण, हरा भरा वातावरण देखा जा सकता है। भारत में शहरों की बजाय ग्रामीण आबादी अधिक है। ग्रामीण क्षेत्र आज भी सरकारी उदासीनता के शिकार है। देश के आधे से अधिक गांव में तो अभी तक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पाई है। गांव में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोग शहरों की तरफ जाने को मजबूर होते हैं। इससे धीरे-धीरे गांव में पलायन की प्रवृत्ति बढ़ रही है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि शहरों की तर्ज पर ही गांव का भी विकास करवाएं तथा गांव में भी उद्योग धंधे स्थापित करवाकर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। ताकि गांव भी समृद्धि की राह पर चलने लगे।

यदि गांवों में छोटे कल कारखाने, उद्योग धंधे व ग्रामीण कुटीर उद्योग को सरकार की तरफ से बढ़ावा मिले तो गांवों की भी शहरों की तरह कायाकल्प हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों का जीवन भी बेहतर हो सकता है। गांव में रोजगार के साधन बढ़ने से लोगों का पलायन रुकेगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की आय बढ़ेगी। जिससे गांव में समृद्धि आएगी। देश के अधिकांश गांवो में पर्याप्त मात्रा में श्रम शक्ति उपलब्ध है। यदि उनको स्थानीय स्तर पर ही नियमित रोजगार मिल सके तो वो बेहतर परिणाम दे सकते हैं। शहरों में गंदे नालों के किनारे कच्चे झोपड़िया बनाकर रहने वाले श्रमिकों को यदि गांव के स्वच्छ वातावरण में रहकर काम के अवसर मिले तो वह अधिक मेहनत व लगन से काम करेगा।

सरकार को चाहिए कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाये। शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग धंधों की स्थापना के लिए जमीन भी कई गुना कम कीमत पर मिल सकेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर श्रमिकों की उपलब्धता होने के चलते उद्योग धंधों के उत्पादन का लागत मूल्य भी कम रहेगा। सरकार को जब किसी उद्योगपति को कल कारखाना लगवाना होता है तो उसको सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की



जमीनों का अधिग्रहण कर जमीन उपलब्ध करवाती है। कई बार ग्रामीणों की सहमति नहीं होने के उपरांत भी सरकार जोर जबरदस्ती कर लोगों की जमीन का अधिग्रहण कर लेती है। ऐसे में लोगों को अपनी जन्मभूमि छोड़कर दूसरी जगह भटकना पड़ता है।

सरकार अपनी नीति में थोड़ा परिवर्तन कर उद्योग धंधे लगाने वाली जगह पर रहने वाले किसानों को उस उद्योग धंधे में उनकी योग्यता अनुसार नियोजित करें। उनसे ली जाने वाली जमीन के बदले आसपास में उतनी ही जमीन उपलब्ध करवाएं। तो गांव की आबादी भी नहीं उजड़ेगी और उद्योग धंधों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी नहीं होंगे। उस क्षेत्र के लोग उस उद्योग समूह की नीतियों से सहमत होकर उनको और अधिक सहयोग देंगे।

पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम में सरकार ने जबरदस्ती से किसानों की जमीन का अधिग्रहण कर टाटा समूह को दी थी। मगर किसानों ने सरकार व उद्योग समूह के खिलाफ इतना बड़ा आंदोलन चलाया कि अंततः टाटा समूह को अपना उद्योग वहां से अन्यत्र स्थानांतरित करना पड़ा। उसके चलते ही बंगाल की कम्युनिस्ट सरकार को भी सत्ता से हाथ धोना पड़ा था।

इस बात से कोई इनकार नहीं करता है कि देश के विकास के लिए उद्योग धंधों का होना भी बहुत जरूरी है। उद्योग धंधे लगने से देश में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। देश आत्मनिर्भरता होगा। मगर ग्रामीणों को रौंदकर सत्ता के बल पर उद्योगपतियों से उद्योग धंधे लगवाना भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता है। सरकार को गांव में रहने वाले ग्रामीणों की बातों पर भी गौर कर उनकी वाजी मांगो को भी मानना चाहिए।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है। उनकी कही बात आज भी शत प्रतिशत सही है। गांव के विकास के बिना देश का विकास अधूरा है। जब तक सही मायने में गांव का समुचित विकास नहीं होगा तब तक देश का विकास अधूरा ही रहेगा। आज भी देश की बहुसंख्यक आबादी गांव में ही रहती है। देश की आत्मा गांवों में बसती है। कोई भी राष्ट्र जब तक समृद्धि नहीं हो सकता जब तक वहां का अंतिम सिरे पर बैठा व्यक्ति खुशहाल ना हो जाए। हमारे देश के गांवों में रहने वाले लोग आज भी सरकारी उपेक्षा के शिकार है। ग्रामीण क्षेत्र का व्यक्ति जब किसी बड़े पद पर पहुंचता है तो वह भी अपने गांव को भूल जाता है। उसके पास भी गांव के विकास कार्यों की सुध लेने का समय नहीं रहता है। हमें इस प्रवृत्ति को बदलना होगा तभी गांव का समुचित विकास हो पाएगा तभी देश समृद्ध बन पाएगा।

सरकार को भी गांवों के विकास को पूरी प्राथमिकता देकर विकास कार्य करवाने चाहिए। लॉकडाउन के दौरान हमने देखा था कि वर्षो से शहरों में रह रहे लोग भी अपनी जान बचाने के लिए अंततः अपने गांव में आकर ही शरण ली थी। शहर छोड़कर आने वाले लोगों में से बहुत से लोग तो गांव में ही रहकर अपना छोटा मोटा कार्य करने लगे हैं। यदि ऐसे लोगों को सरकारी स्तर पर सुविधाएं, संसाधन व सहायता मिले तो ऐसे बहुत से और लोग फिर से गांव की ओर लौट आएंगे। सरकार को स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट गांव की भी योजना बना कर उस पर काम शुरू करवाना चाहिए। यदि ऐसा होगा तो आने वाले समय में उसके बहुत अच्छे नतीजे देखने को मिल सकेंगे।

## जीवन में विचार की आवश्यकता

कुटिल एवं असत्य विचार से मुक्ति का सरल उपाय सुविचार की भावना दृढ़ करना है। शांतिदायक सुविचार की गंगा प्रवाहित करने पर ही हम मानसिक दुर्बलता से मुक्त हो सकते हैं। प्रत्येक विचार अंतःकरण में एक मानसिक मार्ग का निर्माण करता है। हमारी समस्त आदतें ऐसे ही मानसिक मार्ग हैं, जो लगातार एक ही प्रकार के चिंतन मनन से विनिर्मित हुए हैं। तुम मनः प्रदेश में उत्तम रचनात्मक विचार ही प्रवेश करने दो। उत्कृष्ट विचारों को ही मन मस्तिष्क पर अंकित करो। जो प्रेम, ईश्वर , नीति के विरोधी विचार हों, उन्हें निकाल फेंको। जब तुम्हारे विचारों का केन्द्र भगवान, अल्लाह, ईश्वर होंगे, तो सुनिश्चित दिशाओं में ही हृदय का विकास होगा। संसार के महापुरुषों ने जो अद्भुत कार्य किये हैं, विचार कला मर्मज्ञ के लिए उन कार्य का संपादन कदापि दुष्कर नहीं है। विचार करो कि तुम किस तत्त्व में, किस बात में, किस दशा में पिछड़ रहे हो? तुम्हारे मार्ग में कौन-कौन बाधाएं हैं? तुम गीली मिट्टी के नष्ट हो जाने वाले पुतले के सदृश, केवल देह नहीं हो। तुम अमर आत्मा हो। तुम सत्य, स्वतंत्र, शिव, कल्याण, बलवान, आनंदमय, निदरेष, स्वच्छ और पवित्र हो। तुम्हें ज्ञात होना चाहिए कि शक्ति ही जीवन है, शक्ति ही धर्म है। परमेर इस शक्ति का पुंज है। तुम परमेर के राजकुमार हो। अतएव तुम्हारी पैतृक सम्पत्ति शक्ति ही है। शक्ति तुम्हारे अंतर तथा बाह्य अंगों में पूर्णतः व्याप्त है। तुम्हारे रोम-रोम में संचार कर रही है। तुम्हारे नेत्रों में उसी शक्ति का प्रकाश है। अनंत शक्ति का विशाल समुद्र तुम्हारे पीछे है। निर्बलता, निराशा, भय तथा चिंता के संशयदायक विचार हृदय मंदिर से निकाल शक्ति के विचारों में लीन हो जाओ। परमेर ने सबको समान शक्तियां प्रदान की हैं। ईश्वर , अल्लाह के यहां अन्याय नहीं है।

# कहो तो कह दूँ - कोरोना वायरस दिन में सोता है और सिर्फ 'नाइट ड्यूटी' करता है

**चैतन्य भट्ट**

अपने और दूसरे प्रदेश की सरकारों को पता नहीं किसने ये बतला दिया कि कोरोना नाम का जो वायरस है वो केवल रात के ग्यारह बजे के बाद अपनी फेमिली के साथ बाहर निकलता है द्य दिन भर वो अपने घर में भीतर से ताला लगाकर आराम करता है और जैसे ही रात के ग्यारह बजते हैं उसकी नाइट ड्यूटी शुरू हो जाती हैं जगह जगह घूम घूम कर वो लोगों को संक्रमित करना चाहता है लेकिन इन नेताओ की होशियारी से उसे एक भी शिकार नहीं मिल रहा है क्योंकि वैसी ही इस कड़कड़ाती ठण्ड में लोग बाग़ रात के दस बजे घर के अंदर हो जाते हैं और कोरोना वायरस जब एक तैयार होकर कंघी कर के, पाउडर लगा कर जब तक बाहर निकलता है तब तक पूरी सड़कें सुनसान हो जाती हैं बेचारा रात भर शिकार कि तलाश में मारा मारा फिरता है और जैसे ही सुबह के पांच बजते है उसकी ड्यूटी ऑफ हो जाती है वो चुपचाप निराश मन से अपने घर लौट के आ जाता है द्य अपन अपनी सरकारों की बात मान लें तो अपने को एक बात तो समझ में आ गयी की सचमुच ये कोरोना साला पूरा उल्लू ही है, पूरे दिन भर जब सड़कों पर लाखों लोग घूमते फिरते हैं कोई मास्क नहीं लगाता जंहा चुनाव हो रहे है वंहा रोजाना नेताओं की रैलियां हो रही हैं लाखों की तादात में कार्यकर्त्ता अपने नेताओ के जिन्दाबाद के नारे लगा कर एक दूसरे पर चढ़े जा रहे हैं कोइ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नही कर रहा, हैं अब तो चुनाव आयोग ने भी कह दिया है कि सारे चुनाव अपने नियत समय पर होंगे ये खबर भी उस बेबकूफ के पास नहीं पंहुच रही है और पंहुचे भी तो कैसे जो सुबह पांच बजे से रात के ग्यारह बजे तक अपने घर में विश्राम की



मुद्रा में हो खर्राटे मार कर सोता हो उसे क्या पता कि दिन भर देश में क्या दोंदरा पिट रहा है द्य सरकारें भी जनता को क्या बुद्धू बनाती है अपने प्रदेश की जनता कोद्य हुजूरे आला क्यों लोगों की आँखों में धूल झोंक रहे हो लेकिन जनता को भी तो अपनी चिंता नहीं हैं द्य होटल्स में देख लो, सिनेमा घरों में देख लो,नए साल में पिकनिक स्पॉट में देख लो, मंदिरों धार्मिक स्थलों में इंसानों की मुंडियां ही मुंडियां नजर आती हैं द्य राजनीतिक कार्यक्रम धकापेल हो रहे हैं इसलिए नेताओं ने भी सोचा कि जब जनता खुद ही शहीद होने के रास्ते पर चल ही रहे है तो अपन काहे के लिए अपनी रैलियों पर रोक लगाएं और फिर सरकार का सोचना है कि जब जिसकी आ गयी है उसे दुनिया की कोई ताकत नहीं बचा सकती इसलिए नाइट कर्फ्यू लगाकर अपनी ड्यूटी पूरी कर दो आगे कोरोना जाने और जनता।

### पंद्रह लाख भी कोई भ्रष्टाचार है

अपने रीवा के सांसद महोदय हैं उन्होंने साफ़ कर दिया है कि यदि कोई सरपंच पंद्रह लाख तक का भ्रष्टाचार करता है तो वो जायज है, हाँ अगर ये भ्रष्टाचार पंद्रह लाख से ज्यादा हो तो उनके पास शिकायत करने आएं और तब वे उस सरपंच की खबर लेंगे द्य धन्य हैं ऐसे सांसद जी,उन सरपंचों को तो इन सांसद जी के चरण धो धो कर पीने चाहिए जिन्होंने उन्हें पंद्रह लाख का भ्रष्टाचार करने का लायसेंस दे दिया है द्य उन सांसद जी ने साफ हिसाब किताब भी बतला दिया, वे कहते हैं सात लाख इस चुनाव में लग गए, एक बार जो सरपंच बन जाता है वो चाहता है कि अगली बार भी वो चुना जाए तो सात लाख अगली बार के लिए भी चाहिए चूंकि मँहगाई डायन खाये जात है इसलिए एक्स्ट्रा एक लाख और मान लो यानि सात धन सात और एक कुल जमा पंद्रह लाख हो गए तो इतना ठीक है वैसे एक हिसाब से सांसद महोदय ने ठीक ही कहा है इस देश में केवल दो लोग ही र्भ्ष्टाचार नहीं कर रहे हैं पहला वो जिसे भ्रष्टाचार करने का मौका नहीं मिल पा रहा है और दूसरा वो जो डर के मारे भ्रष्टाचार नहीं कर पा रहा है सच ही तो कह रहे हैं सांसद जी, आदमी अपने जेब से थोड़ी न लगाएगा पैसा, और यदि लगाता भी है तो उसे वसूल करने का पूरा हक़ भी तो है और फिर जब इस देश की संसद के सदस्य जब उनके भ्रष्टाचार को जायज ठहरा रहे हैं तो फिर डर काहे का द्यअभी तक तो ये सुना था कि चुनाव आयोग चुनाव खर्च की सीमा तय करता है।

# संस्कृति और संस्कार के साथ खिलवाड़ उचित नहीं...

### सूडोकु नवताल- 5942

✶✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल 5941 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

**सोनम लववंशी**

आधुनिकता की दौड़ में आज हम अपने मानवीय मूल्यों को ही बिसारते जा रहे हैं। हम यह भूल गए है कि आधुनिकता की समझ के लिए परंपरा का ज्ञान होना जरूरी है। देखा जाए तो वर्तमान दौर में या यूं कहें कि आधुनिकता की आड़ में हम अपनी परंपरा को, अपने संस्कारों को ही तिलांजलि दे रहे हैं। वर्तमान दौर में देश का युवा पढ़-लिख लेने के बाद पश्चिमी मोह-पाश में फंसकर अपने संस्कारों और संस्कृति को ही दरकिनार करना सबकुछ समझ बैठा है, जोकि कहीं न कहीं उसकी नादानी है या आयातित सोच का प्रभाव। ऐसे में एक उक्ति याद आती है कि, ÷निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति का मूल।÷ जैसे कि व्यक्ति अपनी भाषा में ही उन्नति कर सकता है यह भारतेंदु हरिश्चंद्र जी का कहना है। वैसे ही हम अपना विकास अपनी संस्कृति और परंपरा का निर्वहन करके ही कर सकते हैं, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि आज का युवा यह भूल गया है कि मॉर्डन होने का मतलब यह कतई नहीं है कि हम अपनी संस्कृति को ही भूल जाए। ये सच है कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। परिवर्तन की प्रक्रिया परंपरा की नवीनता को जन्म देती है। लेकिन नवीनता का प्रारंभ शून्यता से तो नहीं हो सकता ना? और नवीन होने का मतलब यह भी तो कतई नहीं कि हम अपनी जड़ों को भूल जाए? कहते हैं कि जो पेड़ अपनी जड़ें छोड़ देता है, उसे गिरने में ज्यादा समय नहीं लगता। इतना ही नहीं इतिहास साक्षी है कि जब-जब इंसान अपने मानवीय मूल्यों से दूर हुआ है तब-



तब उसका पतन हुआ है। इसके अलावा किसी ने सच ही कहा है कि किसी देश को यदि नष्ट करना है तो उसकी संस्कृति को नष्ट कर दो वो देश स्वतः ही समाप्त हो जाएगा और आज यही हो रहा है पर अफ़सोस की हमारी युवा पीढ़ी को यह कहाँ नजर आता है, उसने तो आधुनिकता की पट्टी आंखों मे बांध रखी है। विज्ञापनों की बाढ़ ने उसे आधुनिक होने के लिए उद्देलित कर रखा है भले ही उसके लिए चाहें संस्कृति और सभ्यता पर ही प्रश्न-चिह्न क्यों न खड़ा करना हो?

अभी हाल ही में मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में हुई एक शादी ने मीडिया में काफी सुर्खियां बटोरी। इसकी वजह भी अजीब थी, एक आईएएस अधिकारी ने अपने विवाह में कन्यादान की रस्म को करने से मना कर दिया। तर्क दिया कि वह दान की वस्तु नहीं है। कन्यादान जैसी परंपरा को सामाजिक बुराई बताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक कहावत है कि अधजल गगरी छलकत जाए। अब इसे अधूरा ज्ञान नहीं तो ओर क्या कहेंगे? जब मानव सभ्यता का आधार स्तम्भ विवाह है , जो मानव को सामाजिक स्वरूप प्रदान करता है। विवाह समाज संचालन की अहम कड़ी है। एक संस्कार है जो समाज को आगे बढ़ाता है। वहीं वेदों में कहा गया है कि विवाह दो आत्माओं का पवित्र बन्धन है। विवाह के बाद दो अलग-अलग प्राणी अपने अस्तित्व को समाप्त कर एक नए जीवन की शुरूआत करते हैं। विवाह संस्कार न होगा तो समाज में अराजकता पैदा होगी। फ़िर उसमें होने वाली रीति और नीति पर सवाल क्यों? लेकिन हमें इससे क्या हमें तो मॉर्डन बनना है। वैसे यह कोई पहली बार नहीं जब हमारी संस्कृति हमारी परम्पराओं का मजाक बनाया गया है। कुछ समय पहले ही मान्यवर कंपनी का एक विज्ञापन आया जिसमें आलिया भट्ट शादी की रस्मों पर सवाल उठाते दिखाई दी। विज्ञापन में बताया गया कि कन्या कोई दान की वस्तु नहीं। कन्यादान नहीं बल्कि कन्यामान की परंपरा की वकालत की। इसमें कोई बुराई नहीं कि कन्यादान को कन्या के मान के साथ जोड़ा जाए। पर क्या यह जरूरी है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ खिलवाड़ किया जाए। वैसे गौर करने वाली बात यह भी है कि बॉलीवुड हो या फिर विज्ञापन जगत। सबको अपनी क्रिएटिविटी हिन्दू रीतिरिवाजों पर ही दिखानी होती है। हमेशा हिंदुओं को टारगेट किया जाता है। ऐसी सैकड़ों फिल्में बनी जिसमें मनोरंजन के नाम पर हमारी भावनाओं को आहत किया गया है। सेंसरबोर्ड तक ने कभी इन पर कैंची चलाना जरुरी नहीं समझा।

## अपने को रखें संभाल, नववर्ष रहे खुशहाल !

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

गत वर्ष के अनुभव को न यों हीं भुलाईये, अपने को संभालकर नववर्ष संवारिये। कोरोना का फिर से प्रवेश नववर्ष आगमन के पूर्व से हीं शुरू हो गया है जहां हमें ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। नववर्ष के प्रारम्भ से ही पांच राज्यों के होने वाले विधान सभा चुनाव की तैयारियों में राजनीतिक दलों की गतिविधियां तीव्र गति को पकड़ लेगी जहां सावधान रहने की ज्यादा जरूरत है। गत वर्श में हुये चुनाव रैलियों ने देश को इस तरह से कोरोना के बीच फांस दिया जहां निकलना मुश्किल हो गया। कोरोना के पहले चरण से जहां गत वर्श को मुक्ति मिलने की आश जगी, लापरवाही के चलते गतवर्श का काल दर्दनाक रहा जहां कोरोना ने बुरी तरह फिर से जकड़ लिया। आक्सीजन एवं दवाई के अभाव में बहुतों को खो दिया। जब कि टीकाकरण का अभियान पूरे देश में तेजी से जारी रहा फिर भी अभी भी देश की अधिकांश अवाम इससे दूर है। इस दिशा में अभी भी लापरवाही जारी है। अभी कोरोना का दौर गया नहीं कि कोरोना का नया रूप ओमीक्रॉन का प्रवेश गतवर्श के अंतिम चरण से ही शुरू हो गया जो धीरे धीरे बढ़ता ही जा रहा है। नववर्ष आगमन से पूर्व ही देशभर में नये कोरोना के आकड़े 913 पहुंच गये। इस दिशा में नियंत्रण हेतु सरकार सजग तो दिख रही है पर आमजन अभी भी लापरवाह नजर आ रहे है। कोरोना के गिरते स्तर को देख जहां सरकार ने कुछ ढ़िलाई दी, आमजन ज्यादा लापरवाह दिखाई देने लगे। जिसका परिणाम सामने कोरोना के फिर से बढ़ते कदम के रूप में नजर आने लगा है। वर्श का अंतराल एवं आगमन का काल ठंढ़मय रहता है जहां जुखाम, खांसी, बुखार होना आमबात है। इसी लक्षण के साथ कोरोना का प्रहार भी शुरू हो जाता है। जहां सावधान रहने की ज्यादा जरूरत है। कोरोना से बचाव हेतु कोरोना गाइड पालना के तहत बाहर निकलते समय माक्स का सही ढ़ंग से प्रयोग , आपस की दूरी एवं बाहर से आते ही हाथ को साबुन से अच्छी तरह से धोने की आदत डालना बहुत जरूरी है। चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों को भी कोरोना गाइड की पालना के साथ चुनाव प्रचार की प्रक्रिया अपनानी होगी। चुनाव आयोग को भी इस दिशा में सजगता बरतना जरूरी है। गतवर्श की भाँति चुनाव के दौरान की गई लापरवाही फिर से नववर्ष को भी कोरोना के मकड़जाल में फांस लेगी। नववर्ष कोरोना मुक्त रहे, इस दिशा में सरकार तो हर तरह से सजग दिख रही है। सरकार की ओर से बार - बार कोरोना गाइड पालना के निर्देश जारी किये जा रहे है।

# अपने वर्कआउट रूटीन को बेहतर बनाना चाहते हैं तो इन बातों पर दें खास ध्यान



इस बात में कोई दो राय नहीं है कि रोजाना वर्कआउट करने से फिट रहने में मदद मिलती है, लेकिन अक्सर लोग वर्कआउट रूटीन के दौरान ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जिनसे उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए अगर आप अपना वर्कआउट रूटीन बनाने जा रहे हैं तो आपको कुछ बातों पर खास ध्यान देना चाहिए ताकि आपको इससे कोई नुकसान न हो। चलिए फिर जानते हैं कि वर्कआउट के दौरान किन बातों का विशेष ख्याल रखना चाहिए।

### लक्ष्य निर्धारित करें

अपनी दिनचर्या में कुछ भी बदलाव करने से पहले एक लक्ष्य निर्धारित जरूर करें। अगर आप वर्कआउट रूटीन बनाने जा रहे हैं तो पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें कि आपको क्या हासिल करना है और फिर इसके आधार पर वर्कआउट रूटीन के लिए क्या जरूरी है और किस तरह की एक्सरसाइज को वर्कआउट रूटीन में शामिल करना फायदेमंद रहेगा आदि चीजें निर्धारित करें। अपना लक्ष्य निर्धारित करने और वर्कआउट रूटीन तैयार करने के बाद आप इसकी शुरूआत कर सकते हैं।

### वार्म अप करना और शांत रहना है जरूरी

अगर आप अपने वर्कआउट रूटीन की शुरूआत वार्म अप से करते हैं तो यह आपके लिए बेहद फायदेमंद सिद्ध हो सकता है क्योंकि वार्म अप करने से आपके रिलेक्स मसल्स एक्टिव हो जाते हैं। इससे आपका शरीर वर्कआउट के लिए तैयार हो जाता है और शरीर में दर्द होने की संभावना भी कम हो जाती है। इसके अलावा वर्कआउट करते वक्त एकदम शांत रहने की भी कोशिश करें।

### आसान एक्सरसाइज से करें शुरूआत

अगर आप चाहते हैं कि आपको आपके वर्कआउट रूटीन से पूरा फायदा मिले तो आसान एक्सरसाइज से अपने वर्कआउट रूटीन का आगाज करें। दरअसल, अक्सर यह देखने में आता है कि लोग जोश-जोश में हैवी एक्सरसाइज से अपना वर्कआउट रूटीन शुरू कर देते हैं और फिर बाद में उनका शरीर दर्द करने लगता है। इसलिए आप ऐसा न करें। इसके अलावा अगर आपने पिछले कुछ समय में एक्सरसाइज नहीं की है तो एकदम से एक-साथ ज्यादा एक्सरसाइज न करें।

### इस बात का भी रखें ध्यान

अगर आप यह चाहते हैं कि वर्कआउट रूटीन से आपको पूरा फायदा मिले तो इसमें शामिल एक्सरसाइज को करते समय ऐसी चीजों को खुद से दूर रखें जो आपका ध्यान भटका सकती हैं, जैसे कि मोबाइल और टीवी आदि। बेहतर होगा कि वर्कआउट करते वक्त आप अपने मोबाइल को

## विद्युत जामवाल की फिल्म का नया पोस्टर हुआ रिलीज, दशहरे पर मचाएंगे धमाल



बॉलीवुड एक्टर विद्युत जामवाल एक्शन के लिए जाने जाते हैं. वह अपनी जबरदस्त एक्शन और एक्टिंग से सभी का दिल जीत लेते हैं. अब वह नई फिल्म लेकर आ रहे हैं. उनकी नई फिल्म का नाम सनक है और ये ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचाने के लिए तैयार है. इस फिल्म का नया पोस्टर आज रिलीज हुआ है. इस साल दशहरा ( 15 अक्टूबर) के मौके पर डिज्नी+ हॉटस्टार पर 'सनक ङ्क होप अंडर सीज' रिलीज होने जा रही है. निर्माता विपुल अमृतलाल शाह और ज़ी स्टूडियोज ने अब होस्टेज ड्रामा से विद्युत जामवाल और बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रही बंगाली मूवी स्टार रुक्मिणी मैत्रा का एक नया पोस्टर रिलीज़ कर दिया है. रुक्मिणी, जो विद्युत के साथ 'सनक' में बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं, उन्हें बंगाली फिल्म उद्योग में सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़े नामों में से एक माना जाता है, जिसमें कुछ सफल फिल्मों का श्रेय उन्हें जाता है. रुक्मिणी कहती हैं, जब मुझे विद्युत जामवाल की एक एक्शन थ्रिलर के लिए विपुल शाह के ऑफिस से कॉल आया, तो मुझे पता था कि यह भारत में बनने वाली बेहतरीन एक्शन थ्रिलर में से एक होगी, क्योंकि विपुल सर ने शानदार बड़े बजट की एक्शन फिल्में बनाई है. साथ ही इसमें परफॉर्मेंस का स्कोप था, जिसे मैं हमेशा एक अभिनेता के रूप में चाहती हूं. तो यह मेरे लिए फायदे की स्थिति थी. वे एक नए चेहरे की तलाश में थे और मुझे एक छोटा सा ऑडिशन भेजने के लिए कहा गया और मुझे फिल्म के लिए साइन कर लिया गया. विपुल शाह बताते है, चूंकि प्रेम कहानी 'सनक' का एक अभिन्न हिस्सा है, इसलिए हम फिल्म में विद्युत के साथ एक नए चेहरे की तलाश कर रहे थे और रुक्मिणी सही विकल्प थीं. विद्युत और रुक्मिणी दोनों एक बेहतरीन जोड़ी बनाते हैं और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री पसंद आएगी।

## आदिति बुढाठोकी का कातिलाना अंदाज देखते रह गए फैंस



साउथ की कुछ फिल्मों में नजर आ चुकी अभिनेत्री आदिति बुढाठोकी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है बता दें कि वह सोशल मीडिया पर हमेशा अपने बोल्ड अवतार को लेकर चर्चाओं में बनी रहती है और लोग इनकी तस्वीरों को बेहद पसंद करते हैं .

हाल ही में इस अभिनेत्री ने कुछ तस्वीरें शेयर की है जिसमें वह बीच पर इंजॉय करते हुए नजर आ रही है . आप इन तस्वीरों में देख सकते हो कि इनका कातिलाना अंदाज किसी का भी दिल जीत लेने के लिए काफी है और इन तस्वीरों में अदिति बुधाथोकी काफी हॉट लग रही है और कई बार यह अभिनेत्री सोशल मीडिया पर बिकनी अवतार में भी नजर आ चुकी है और युवा लोगों के बीच इनको पसंद किया जाता है.

अदिति बुधाथोकी मूल रूप से तो नेपाल की रहने वाली हैं लेकिन पिछले काफी समय से मुंबई में रहकर अपने ऐक्टिंग और मॉडलिंग को करियर को ऊंचाइयां देने की कोशिश कर रही हैं। अब तक अदिति कुछ फिल्मों के अलावा हवा बनके, तुम जहां रहो, जैसे म्यूजिक विडियोज में नजर आ चुकी हैं। जहां से इनकी सुंदरता ने इनके फैंस की संख्या और पर्दे पर इनकी डिमांड दोनों बढ़ा दी हैं।

अदिति बुधाथोकी की त्वचा बेहद ग्लोइंग है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है मानों इनकी त्वचा पर आसमान से नूर बरस रहा है। क्लीन और क्लियर स्किन के साथ ही अदिति के चेहरे पर गुलाबी सुर्खी साफ दिखती है। सोशल मीडिया अदिति बुधाथोकी खूब एक्टिव रहती हैं, जहां वो अक्सर इंस्टाग्राम पर अपनी कई हॉट तस्वीरों को शेयर करती रहती हैं. भारत और नेपाल से अदिति बुधाथोकी के कई बड़े फैंस हैं जो उनकी तस्वीरों का इंतजार करते हैं. अदिति बुधाथोकी एक फैशन ब्लॉगर भी हैं. जहां वो अपने कपड़ों के स्टाइल को लेकर भी अपने फैंस के बीच चर्चा में रहती हैं. अदिति बुधाथोकी का ये अंदाज उनके फैंस को घायल कर देता है. अदिति बुधाथोकी बॉलीवुड की तमाम हॉट एक्ट्रेस को टक्कर देते हुए नजर आती हैं.

# 'मैं अपनी डेब्यू फिल्म 'स्क्वॉड' को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं: मालविका राज

फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में करीना कपूर के बचपन का किरदार निभाने वाले ऐक्ट्रेस मालविका राज अब बड़ी हो चुकी हैं। मालविका अब नीलेश सहाय की फिल्म 'स्क्वॉड' से फिल्म में कदम रख रही हैं, जिसमें वह डैनी डेनजोंगपा के बेटे रिनजिंग डेंजोग्पा के साथ नजर आएंगी। मालविका ने अपनी इसी पहली फिल्म, बॉलिवुड और अपने फेवरेट सितारों को लेकर कुछ बातें कही हैं।

मालविका से पूछा गया कि 'कभी खुशी कभी गम' में वह अपने 'पूजा' वाले छोटे सा रोल में छा गईं, क्यों उन्हें अंदाजा था कि यह आइकॉनिक साबित होगी? इसपर जवाब में उन्होंने कहा कि तब वह 'कुछ कुछ होता है' की बड़ी फैन थीं और उस उम्र में इतना कुछ कोई सोचता नहीं। उन्होंने कहा कि वह केवल इसी बात पर बहुत खुश थीं कि वह बॉलिवुड के बड़े स्टार्स के साथ काम करने जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि वह उस समय काफी छोटी थीं और उन्हें अमिताभ बच्चन, जया बच्चन रितिक रोशन, काजोल और शाहरुख खान जैसे सितारों के साथ काम करने का मौका मिल गया था और उनमें से किसी ने उन्हें कभी कम फील नहीं कराया। मालविका ने कहा कि उन्होंने इन सितारों से सबसे बड़ी बात यह सीखी कि आप ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए भी कैसे जमीन से जुड़े रह सकते हैं। इन सितारों के साथ उनके काम का एक्सपीरिंय काफी शानदार रहा और उसी वक्त उन्हें महसूस हो चुका था कि यही उनका करियर बनने वाला है।

प्रड्यूसर-डायरेक्टर बॉबी राज की बेटी मालविका फिल्मी बैकग्राउंड फैमिली से हैं और इस बारे में बातें करते हुए उन्होंने बताया कि इस वजह से उन्हें कम उम्र में सेट पर एक्सपोज़र



जरूर मिला। उन्होंने बताया कि वह स्कूल बंद करके पापा की फिल्मों के सेट पर जाया करती थीं, वह उनकी सारी ऐक्ट्रेसेस को देखा करती थीं, उनके मेकअप, उनकी ड्रेसेस और तभी से उन्हें फिल्म सेट के माहौल से काफी लगाव हो गया था। मालविका ने बताया, 'जब मुझे फिल्म कभी खुशी कभी गम मिली तो मैं काफी एक्साइटेड थी क्योंकि मुझे मेरा अपना मेकअप रूम मिला था। मैं जैसे सातवें आसमान पर थी। 20 साल तक मैं इसी ज़ोन में रही।'

फिल्म 'स्क्वॉड' उन्हें कैसे ऑफर हुई? इसपर मालविका ने कहा, 'मैं अपनी डेब्यू फिल्म को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं। 'स्क्वॉड' जल्द ही रिलीज़ होनेवाली है। हमारे डायरेक्टर नीलेश सहाय ने मेरी फोटो ऑनलाइन कहीं देखी थी और हमारी एक कॉमन फैमिली फ्रेंड है, जिसके जरिए उन्होंने मेरे पापा को कॉल किया और बताया कि वह मुझे फिल्म की कहानी सुनाना चाहते हैं। जब उन्होंने फिल्म की कहानी मुझे सुनाई, तो पहली बार में ही मुझे काफी पसंद आई। मैंने इसके लिए ऑडिशन भी दिया और फिल्म मुझे मिल गई।'

मालविका ने बताया कि वह करिश्मा कपूर की बड़ी फैन हैं। वह सलमान और गोविन्दा के साथ करिश्मा की फिल्में देखकर ही बड़ी हुई हैं। उनकी स्टाइल और डांस की वह जबरदस्त दीवानी हैं। करिश्मा की फिल्म 'दिल तो पागल है' को देखकर वह उनके लिए पागल हो गई थीं।

मालविका को बॉलिवुड ऐक्टर्स में रणबीर कपूर काफी पसंद हैं। उनकी नैचुरल ऐक्टिंग की वह दीवानी हैं और उनके साथ इसलिए काम करना चाहती हैं ताकि वह देख सकें और समझ सकें कि वह ये सब इतनी खूबसूरती से कैसे कर लेते हैं।


## 2022 की ईदी देने के लिए तैयार हैं जॉन अब्राहम, इस दिन रिलीज होगी 'एक विलेन रिटर्न्स'



कोरोना महामारी के चलते जो सिनेमा घर 2020 में बंद किए गए थे, उन्हें अब खोलने का फैसला ले लिया गया है. महाराष्ट्र सरकार ने 22 अक्टूबर को राज्य में सभी थिएटर्स खोलने की अनुमति दे दी है. इस अनुमति के बाद से लगातार फिल्मों के रिलीज होने की तारीख सामने आ रही है. ऐसे में अब 'एक विलेन रिटर्न्स' फिल्म की भी रिलीज डेट सामने आ चुकी है. अब से कुछ देर पहले फिल्म की एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर करते हुए बताया है कि ये फिल्म अगले साल 8 जुलाई 2022 को रिलीज होगी.

जहां फिल्म की पिछली कड़ी हमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और श्रद्धा कपूर दिखाई दिए थे, वहीं अब 'एक विलेन रिटर्न्स' में हमें एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है, जिसमें अर्जुन कपूर, दिशा पाटनी, तारा सुतारिया के साथ इस फिल्म में हमें जॉन अब्राहम भी नजर आएंगे. आपको बता दें, इस फिल्म के लिए निर्माताओं ने 2022 की ईद को बुक किया है. जो फिल्म के लिए काफी अच्छा होने वाला है. इस फिल्म को लेकर मेकर्स पिछले कई दिनों से उत्साहित थे. जहां अब फिल्म की रिलीज डेट सामने आने के बाद फिल्म की टीम वापस काम पर लग चुकी है. कुछ दिनों पहले फिल्म की टीम ने ब्लैक जैकेट में जॉन और दिशा की तस्वीरें शेयर की थीं, जो फैंस को खूब पसंद आई थीं. इस फिल्म के निर्मता भूषण कुमार हैं, वहीं इस फिल्म के निर्देशक मोहित सूरी हैं. मोहित ने हाल ही में बताया था कि, मैं एक विलेन रिटर्न्स की शूटिंग को लेकर काफी उत्साहित हूं, महामारी के चलते भले ही इस फिल्म की शूटिंग में काफी देर हुई होगी लेकिन अब हम वापस इस फिल्म की शूटिंग पर लग चुके हैं, जिसे लेकर बेहद खुश हूं. फिल्म को रिलीज करने के लिए अब बॉलीवुड के सभी निर्माता काफी उत्साहित हैं. जहां सलमान खान से लेकर अक्षय कुमार तक सभी बड़े सितारे अपनी फिल्मों को रिलीज करने वाले हैं. जहां कई निर्माता चाहते हैं कि उनकी फिल्मों को थिएटर मालिक सबसे ज्यादा स्क्रीन्स दें, जिस वजह से कई निर्माता लगातार सिंगल स्क्रीन सिनेमा पर भी अपना दबाव बनाने में लगे हुए हैं।

# नाभि छिदवाने की सोच रहे हैं तो इन बातों का रखें खास ध्यान



काफी समय से नाभि छिदवाना यानि बेली बटन पियर्सिंग काफी ट्रेंड में है। अमूमन महिलाएं अपने लुक को अधिक फैशनेबल बनाने के लिए नाभि छिदवाती हैं। हालांकि, समय के साथ-साथ इनका क्रेज थोड़ा कम होता दिख रहा है। वैसे अगर आप नाभि छिदवाने का सोच रहे हैं तो आपके मन में भी इसे लेकर काफी जिज्ञासा होगी कि ऐसा करवाना आपके लिए ठीक है या नहीं। आइए हम आपको इससे जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें बताते हैं।

### सबसे पहले एक्सपर्ट की लें सलाह

अगर कोई महिला नाभि छिदवाने का मन बना रही है तो उनके लिए जरूरी है कि वह इससे पहले किसी पियर्सिंग एक्सपर्ट से इसे लेकर बातचीत करें। इसके साथ ही किसी अनुभवी व्यक्ति से ही नाभि छिदवाना सुनिश्चित करें ताकि आपको इसके बाद किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। ठीक तरह से रिसर्च करें और किसी अनुभव और लाइसेंस वाले व्यक्ति से ही यह काम करवाएं।

### सफाई पर दें विशेष ध्यान

भले ही आप नाभि को किसी भी तरफ से छिदवाएं, इसकी सफाई का विशेष ध्यान रखें क्योंकि शरीर का यह अंग बेहद संवेदनशील होता है। इसकी सफाई का ध्यान न रखने पर संक्रमण का सामना करना पड़ सकता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि नाभि छेदने वाले व्यक्ति ने हाथों में साफ दस्ताने पहने हो और साफ उपकरणों का ही वो इस्तेमाल करें। वहीं, नाभि छिदवाने के बाद इसे हमेशा साफ हाथों से छूएं।

### ज्वैलरी के मैटीरियल पर दें ध्यान

नाभि छिदवाने से पहले ज्वैलरी मैटीरियल पर भी ध्यान दें क्योंकि बाद में ऐसा न हो कि इससे आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचे। बेहतर होगा कि आप निकेल, स्टर्लिंग और सिल्वर आदि से बनी ज्वैलरी का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि उनमें जंग लगने की संभावना अधिक होती है और इसलिए वह आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसके बजाय आप नॉन-टॉक्सिक और एंटी-एलर्जेनिक मैटीरियल वाली ज्वैलरी ही नाभि छिदवाने के बाद पहनें।

### ज्वैलरी को भी करें सैनिटाइज

ज्यादातर महिलाएं नाभि छिदवाने के बाद इस बात का ध्यान नहीं रखती हैं, लेकिन यह बहुत ही जरूरी स्टेप है। भले ही आप प्रोफेशनल पियर्सर से छिदवाई नाभि में ज्वैलरी को बदलवा रही हों या फिर इसे खुद घर पर ही कर रही हों।

## आयशा जुल्का ने करियर के पीक पर इसलिए छोड़ी थीं फिल्में, आज भी है इस एक बात की टीस

90 के दशक में कई ऐसी हिरोइनें रहीं, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के साथ-साथ लोगों के दिलों पर राज किया। इन्हीं में से एक रहीं ऐक्ट्रेस आयशा जुल्का। आयशा जुल्का उस दौर की टॉप ऐक्ट्रेसेस में शुमार रहीं। लेकिन उस वक्त फैन्स को जोर का झटका लगा जब आयशा जुल्का ने अपने करियर की पीक पर फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया। आयशा जुल्का ने साल 1991 में फिल्म 'कुर्बान' से बॉलिवुड में कदम रखे थे। पहली ही फिल्म में सलमान खान के साथ आयशा जुल्का का करिश्मा देख सब हैरान थे। इसके बाद आयशा के स्टारडम दिनोंदिन बढ़ता चला गया। उनके पास फिल्म ऑफर्स की लाइन लग गई। 90 के दशक में आयशा जुल्का एक साल में 4-5 फिल्में कर रही थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने अचानक ही कम फिल्में करना शुरू कर दिया। साल 2001 से 2010 के बीच आयशा जुल्का ने हर साल सिर्फ एक ही फिल्म की और फिर गायब हो गईं। आयशा जुल्का ने हाल ही बताया कि आखिर फिल्में छोड़कर वह कहां गायब हो गई थीं?

# शिक्षक भर्ती परीक्षा 5 मार्च से ये होंगे नियम पीईबी ने परीक्षा संबंधित दिशा-निर्देश जारी...

**उम्मीदवार अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते है...**

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**भोपाल...** मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षक बनने का सपना देख रहे उम्मीदवारों के लिए नई अपडेट आई है।स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ग 3 के फॉर्म की अंतिम तिथि खत्म हो गई है। रविवार 1 जनवरी 2022 तक 2 लाख 80 हजार नए आवेदन प्राप्त हुए है, जिसके बाद कुल आवेदकों की संख्या 9 लाख के पार हो गई है। परीक्षा 5 मार्च से शुरु होगी और क्क्ष्क्क ने परीक्षा संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।उम्मीदवार अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते है

दरअसल, मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग और और ट्राइबल डिपार्टमेंट के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में 5000 प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती होनी है। एमपीपीईबी द्वारा 5 मार्च से प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा वर्ग- 3 की परीक्षा आयोजित की जाएगी।इसके लिए 14 दिसंबर 2021 से लेकर 2 जनवरी तक एक बार फिर विंडो को ओपन किया गया था, ताकी नए आवेदक आवेदन कर सके। रविवार तक 2 लाख 80 हजार नए आवेदकों ने आवेदन किए है, इसके पहले 6 लाख 57 हजार आवेदक आवेदन कर चुके थे, जिसके बाद पुराने और नए आवेदकों की संख्या 9 लाख 37 हजार पहुंच गई है।

नए और पुराने आवेदनों में 15 फीसद आवेदन अन्य राज्यों से भी आए है।यह परीक्षा 5 मार्च 2022 को प्रदेश के 16 शहरों में आयोजित की जाएगी। शिक्षक भर्ती परीक्षा दो पाली में आयोजित की जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 बजे से 11.30 बजे और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.30




बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के बाद स्कूल शिक्षा विभाग, जनजाति कार्य विभाग एवं अन्य निजी स्कूल अपने स्तर पर पद निकालकर भर्ती कर सकेंगे।पीईबी ने परीक्षा संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

### ये रहेंगे नियम

पहले भरे गए एवं नए आवेदक दोनों विभागों के पदों के लिए मान्य होंगे।

परीक्षा 2 पाली में आयोजित होगी । परीक्षा केंद्रों पर रिपोर्टिंग के लिए एक घंटे पहले पहुंचना होगा। इसमें आयु सीमा 21 से 40 वर्ष के बीच और योग्यता में कक्षा 12वीं (इंटरमीडिएट) की परीक्षा 50त्न अंक और 4 साल के साथ पास, डीएलएड / डीएड / एमएड अथवा इसके समकक्ष डिग्री, बीएलएड डिग्री. क्क्षञ्ज/स्पेशल क्क्षञ्ज परीक्षा अनिवार्य है।

शिक्षक भर्ती में चयन प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा और इसके आधार पर मेरिट तैयार करके अंतिम चयन सूची जारी की जाएगी।

सिर्फ लिखित परीक्षा में पास होने पर किसी पद विशेष पर भर्ती का दावा नहीं किया जा सकेगा। प्राथमिक शिक्षक के पद पर नियुक्ति की विभिन्न पात्रता शर्तों में से यह परीक्षा सिर्फ एक शर्त की ही पूर्ति करेगा।

**2022 में अप्रैल से मई तक होंगी ये परीक्षाएं:** समूह-2 व उपसमूह 1 के तहत ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी पद, समूह-4 सहायक ग्रेड-3, स्टेनोटॉपिस्ट, स्टेनोग्राफर, डेटा एंट्री ऑपरेटर और समूह 3 उपयंत्री पद के लिए भर्ती परीक्षा अप्रैल 2022 में होगी।

समूह 1 व उपसमूह 1 के तहत जिला प्रबंधक कृषि व अन्य पद की भर्ती परीक्षा अप्रैल-मई में होगी।

समूह 2 व उपसमूह 2 में कनिष्ठ लेखा अधिकारी और समूह 1 व उपसमूह 3 की हाउस कीपर, साइकेट्रिक, सोशल वर्कर व अन्य पदों के लिए भर्ती परीक्षा मई में होगी।

कौशल विकास संचालनालय के तहत प्रशिक्षण अधिकारी के पद की परीक्षा भी मई में ही होगी। समूह 2 उप समूह 3 के सहायक लोक विश्लेषक, रसायनज्ञ 2 व अन्य पद के लिए परीक्षा मई में होगी।

## वन-टू-वन

### युवाओं को लगाई कोरोना की वैक्सीन कन्या पूजन कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा //** महा वैक्सीनेशन अभियान के अंतर्गत आज आरबीएस कॉलेज जोटई रोड पर 15 वर्ष से 18 वर्ष की उम्र के बच्चों छात्र छात्राओं को कोरोना की वैक्सीन लगाई गई वैक्सीन टीकाकरण में युवाओं का उत्साह देखने योग्य था बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे कार्यक्रम शुभारंभ करने से पहले सरस्वती मा की पूजा अर्चना करने के बाद 11 कन्याओं को कन्या पूजन किया गया तत्पश्चात सभी युवाओं को वैक्सीन लगाई गई कोरोना वैक्सीन महा अभियान के अंतर्गत पोरसा शहर एवं ग्रामीण मैं कुल 31 वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए हैं जहां आज हजारों युवाओं छात्र छात्राओं को वैक्सीनेशन लगाई गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साहब सिंह तोमर जिला उपाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि राम कुमार गुप्ता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बीएमओ पुष्पेंद्र दंडोतिया कॉलेज संचालक अरुण सिंह तोमर शालीन तोमर जागेश्वर सिंह तोमर बड़े सिंह तोमर भूपेंद्र सिंह तथा हॉस्पिटल स्टाफ वा कॉलेज स्टाफ आदि लोग उपस्थित रहे

### 27 वीं श्री आईजी ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सैणचा**

**जोधपुर–** उचियारड़ा बिलाड़ा ग्रामीण क्षेत्रों की सबसे पुरानी खेल प्रतियोगिता जो कि पिछले 27 सालों से चली आ रही है जिसमें हजारों की संख्या में




लोगों की भीड़ उमड़ती है। इस प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया था, इसका उद्धघाटन 28 दिसम्बर को मुख्य अतिथि रूपसिंह परिहार चैयरमैन नगरपालिका, ताराचंद तहसीलदार ,भामाशाह माधवसिंह एस. एम. अकादमी, बिलाड़ा डॉ चिमनाराम,डॉ सत्यनारायण की उपस्थिति में प्रतियोगिता प्रारंभ हुई ।यह खेल चार दिनों तक ग्रामीणों की उपस्थिति में घिरा रहा और आखिरी दिन 31 दिसम्बर को फाइनल में आईजी क्लब प्रथम व आईजी क्लब द्वितीय पहुँची थी ।जिसका निर्णायक मैच में आईजी क्लब प्रथम ने ट्रॉफी पर कब्जा किया।

## 15 वर्ष से 18 वर्ष तक के छात्र एवं छात्राओं के लिये कोविड-19 टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

लहार( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)दिनांक 3 जनवरी 2022 को श्रीमान कलेक्टर भिंड डॉ. सतीश कुमार एस.के निर्देशानुसार विकासखंड लहार के अंतर्गत समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में दर्ज 15 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के छात्र एवं छात्राओं को कोविड-19 टीकाकरण महा अभियान का शुभारंभ 3 जनवरी 2022 को किया गया।जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार श्री आर.ए.प्रजापति, विकास खंड शिक्षा अधिकारी कोमल सिंह परिहार एवं खंड स्रोत समन्वयक लहार शैलेंद्र सिंह कुशवाह, जनपद शिक्षा केंद्र लहार से जानकी नंदन समाधिया, अरविंद श्रीवास्तव और मुख्य चिकित्सा अधिकारी लहार श्री शैलेंद्र पाण्डेय सहित सभी अधिकारियों ने निर्धारित वैक्सीनेशन सेंटरों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन की व्यवस्था देखी और बच्चों का उत्साहवर्धन कर वैक्सीन के महत्व और कोरोना महामारी के प्रभाव को कम करने और इस महामारी में क्या सावधानियां रखने इत्यादि पर बच्चों से चर्चा की।यह महावैक्सीनेशन अभियान




3 जनवरी 2022 से 9 जनवरी 2022 तक चलेगा जिसमें लहार विकासखंड के अंतर्गत 31 वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए हैं जिनमें प्रातः 9-00 बजे से शाम 5-00 बजे तक 15 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों को वैक्सीन लगाई जाएगी प्रत्येक वैक्सीनेशन केंद्र पर एक एक कलेक्टर प्रतिनिधि की नियुक्ति भी की गई है विकासखंड स्तर पर महा वैक्सीनेशन अभियान के लिए समस्त जानकारी के लिए जनपद शिक्षा केंद्र लहार में कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई है जिसमें प्रति घंटे वैक्सीनेशन की रिपोर्ट सभी केंद्रों से एकत्रित कर एकजाई रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को भेजी जा रही है आज प्रातः 9-00 बजे से ही निर्धारित सभी वैक्सीनेशन केंद्रों पर 15 वर्ष से 18 वर्ष तक के छात्र एवं छात्राओं की कतारें देखने को मिली उपस्थित सभी छात्र एवं छात्राओं ने इस कोरोना महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए और ह्यूमिडिटी पावर बढ़ाने के लिए वैक्सीनेशन के लिए बढ़ चढ़कर भाग लिया और वैक्सीन लगवाई, सभी वैक्सीनेशन केंद्रों पर सभी संस्था प्राचार्यो के द्वारा सभी छात्र एवं छात्राओं के लिए स्वल्पाहार के रूप में केला एवं बिस्कुट की व्यवस्था की गई जिससे किसी भी छात्र एवं छात्राओं को खाली पेट वैक्सीन न लगाई जाए यह महा वैक्सीनेशन अभियान लगातार 9 जनवरी 2022 तक चलेगा।

## भावी में सीरवी समाज में शिक्षा, खेल कूद, रक्तदान शिविर ,पुस्तकालय कक्ष पर सहमति बनी ।



**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा**

**जोधपुर–**बिलाड़ा भावी में स्थित श्री आई माता मंदिर में सीरवी समाज की आम बैठक आयोजित की गई ,बैठक की अध्यक्षता सीरवी नवयुवक मण्डल अध्यक्ष जगदीश परिहारिया के मौजुदगी में शुरू हुई ।इस कार्यक्रम कोषाध्यक्ष शेषाराम बर्फा ने बताया कि बैठक में युवा का बढ़ता नशा, पर अंकुश लगाना,शिक्षा पर जोर देना,रक्तदान शिविर, पुस्तकालय कक्ष खोलने ,समाज उत्त्थान जैसे कई विषयों पर करीब 4 घण्टे तक चर्चा चली ।कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी कानाराम पितावत ने युवाओ को नशे से दूर रहकर शांत वातावरण में शिक्षा पर जोर देने पर बल दिया साथ ही जो समाज की एक होनहार प्रतिभा का पूरा खर्चा स्वयं उठाने का बात कही ,अध्यापक जोधाराम बर्फा ने कहा कि समाज का उत्त्थान के लिए सबका साथ जरूरी है सरपंच सुराराम ने जब युवाओ के लिए पुस्तकालय कक्ष खोलने की बात आई तब सभी युवाओ ने तालिया बजाकर स्वागत किया ,3 माह के अंतर्गत एक रक्तदान शिविर करवाने पर भी सहमति हुई ।इस मौके पर सरपंच सुराराम सीरवी अध्यक्ष जगदीश परिहारिया,गोविन्द सीरवी,पवन पितावत, दिलीप, लादूराम, जोधाराम, भवरलाल, खेताराम, महेंद्र,बगदाराम, नारायण राम, मनोहरलाल, जगदीश, कानाराम, हरजीराम, शेषाराम, चन्दू, राकेश,डूंगरराम,सुरेंद्र केशियर,दिनेश, देवेंद्र सहित कई युवागण मौजूद थे ये जानकरी गोविन्द सीरवी द्वारा दी गई ।



### दबोह में तीन सैकड़ा छात्र,छात्राओं का हुआ वेक्सीनेशन

**दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडेल**

नगर के हाई स्कूल में सोमवार को 15 से 18 तक के युवाओं का वेक्सीनेशन का कार्य प्रारंभ हो गया है।प्रथम दिन कोरोना के टीके लगाबाने के लिए विधालय के छात्र,छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिला।छात्रा,छात्राओं को वेक्सीनेशन से पहले विद्यालय के प्राचार्य निराला ने बिस्कुट,केला देकर उत्साहबर्धन किया।फिलहाल शाम 3 बजे तक करीब तीन सौ छात्र,छात्राओं का वैक्सीनेशन किया जा चुका हैं।वैक्सीनेशन सेंटर पर एएनएम नीतू कुशवाह,वेरीफ़ायर रोहित कोठारी,विधायल के स्टाफ में भरत तिबारी,दीपक शर्मा,रजनीश पालीवाल,अजमेर कौरव,राकेश झा, श्रीमति आरती दुबे उपस्थित रही।यहां बता दें कि मंगलवार को भी इसी विधालय में वैक्सीनेशन किया जायेगा।

## दबोह में 16वां अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट महाकुंभ 10 जनवरी से

**समापन अवसर पर पहुंचेंगे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह**

**दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

स्वर्गीय मथुरा सिंह फाउंडेसन समिति दबोह के तत्वाधान में 16 वाँ अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का महाकुंभ 10 जनवरी से दबोह के शासकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर होने जा रहा है।यह बात मथुरा सिंह फ़ाउन्डेशन समिति के सचिव चौधरी हाकिम सिंह ने कही।उन्होंने बताया कि मप्र पूर्व मंत्री,लहार विधायक डॉ गोविन्द सिंह के स्वर्गीय पिता मथुरा सिंह बैशपुरा की समृति में पिछले 15 बर्षो से हर बर्ष खेला जा रहा है।जिसका मुख्य उद्देश्य दबोह क्रिकेट की दुनियाँ में प्रतिभाशाली युबाओ को प्रोत्साहन देना है।वहीँ उन्होंने बताया की यह अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूनामेंट है इस बर्ष युबाओ की पसन्द को देखते हुये उनके बीच जबलपुर,मलिक स्पोर्ट्स दिल्ली,मुम्बई,एसबीएस दिल्ली,मथुरा,कानपुर,नागपुर,इंदौर आदि टीमों को आमंत्रित किया गया है।जिसमे विजेता टीम को 1 लाख 51,000/- रूपये,उपविजेता टीम को एक लाख रूपये नगद व् शील्ड प्रदान की जावेगी।वहीं मैन ऑफ द मैच को 51,000 रुपये व मैन ऑफ द सीरीज को 11,000 रुपये

का पुरुष्कार दिया जाएगा।समिति अध्यक्ष चौधरी रमाशंकर सिंह ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रथम दिन उदघाटन में मुख्य अतिथि के रूप में गोहद कॉग्रेस



विधायक मेवाराम जाटव मौजूद रहेंगे।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता इफको के डायरेक्टर डॉ.अमित प्रताप सिंह करेंगे।वहीँ उन्होंने बताया कि क्रिकेट टूनामेंट का समापन 16 जनवरी को किया जायेगा।जिसके समापन अबसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह पधारेंगे।वहीं उनके साथ मप्र के पूर्ब मंत्री,लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह उपस्थित रहेंगे।इस मौके पर मथुरा सिंह फाउंडेसन समिति के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह चौधरी,उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह गुर्जर परा( मण्डी अध्यक्ष आलमपुर-दबोह),सचिव हाकिम चौधरी,एबं सह-सचिव रूपनारायण खटीक( पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद दबोह),कोषाध्यक्ष रियाज खान व् पार्षद सनाउल्ला खान,संरक्षक नाजिम खान व समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे।वहीँ दर्शको तक इस कार्यक्रम की जानकारी देने के लिये बरिष्ठ कोमेनट्रेटर के रूप में रजनीश पालीबल, अनूप गुप्ता,श्यामू राजौरिया,रामू श्रीवास्तव,रामनारायण शाक्य,गोविन्द सिंह कौरव मौजूद रहेंगे।

## नगर कांग्रेस ने नगर पालिका सीएमओ को दिया ज्ञापन

**उमाकान्त शर्मा भिण्ड**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।**नगर कांग्रेस भिंड ने नगर अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी के नेतृत्व में भिंड नगर की प्रमुख समस्याओं को लेकर नगर पालिका सीएमओ को 8 सूत्री ज्ञापन सौंपा ज्ञापन देते समय शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे ज्ञापन की प्रमुख मांगे निम्न प्रकार है

1 भिंड नगरपालिका के अनु सूचित जाति बहुल वार्ड 39 में जलभराव पिछले कई सालों से है और यह मुख्य मार्ग भिंड अटेर को जोड़ता हैइस समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए

2 नगर पालिका क्षेत्र के अनुसूचित जाति बहुल वार्ड 11 महावीर नगर में भी जलभराव है इसका भी निराकरण किया जाए

3 नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बहुत ही खराब है वार्ड क्रमांक 18 19 और 39 में कचरा उठाने गाड़ी नहीं आती है भिंड नगर में सीवर लाइन अभी ठीक से शुरू नहीं हुई है वार्ड नंबर 10 के कविर नगर में चेंबर ओवरफ्लो होकर बंद हो गई है इस को तत्काल सही कराया जाए

4 नगर में स्वच्छ जल योजना के तहत जगह जगह खुदाई करके छोड़ दी गई है जिससे आमजन को आने-जाने में भारी परेशानी होती है इन सड़कों को तत्काल बनवाया जाए

5 हाईकोर्ट के आदेश अनुसार नई रोड बनाने से पहले पुरानी रोड़ की खुदाई की जानी चाहिए ताकि आमजन के मकान नीचे ना हो लेकिन भिंड नगरपालिका क्षेत्र में श्री मतिइंदिरा गांधी चौराहा से बस स्टैंड तक बनी रोड और वाटर वर्क्स में बनी रोड की खुदाई भी नहीं की गई इस पर तो त्वरित कार्रवाई की जाए

6 वार्ड नंबर 26 बड़ी माता के पीछे भवानीपुरा नाला ओवरफ्लो हो गया है और वार्ड नंबर 38 में भी नाला भरा गया है और सड़कों पर पानी भरा रहता



है नाला तत्काल साफ कराया जाए

7 भिंड शहर के वार्ड 12 सहित तमाम बालों में नलों में पानी नहीं आ रहा है भिंड नगर पालिका के वार्ड नंबर 2 वार्ड नंबर 35 में स्ट्रीट लाइट सही कराया जाए

8 स्वच्छ मिशन के तहत जो भी निर्णय होते हैं अतिक्रमण हटाने के और खाली प्लॉट पर पार्क बनाने के उनका क्रियान्वयन कराया जाए

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रेखा भदौरिया विनोद पंडित रतन चंद जैन अजय जैन विजयदैपुरिया विवेक पचौरी संजीव बरुआ राकेश शाक्य आनंद शाक्य सतपाल अगरिया विनोद जाटव कमलेश जाटव हिम्मत सिंह वीरप्रकाश श्रीवास्तव स्नेह लता जैन रीना चौहान रामहित शाक्य मोहर सिंह जाटव अजय शर्मा बिरजू यादव पिंटू शर्मा कौशलेंद्र सिंह श्री कृष्ण शर्मा कुलदीप भारद्वाज धर्मेंद्र यादव दर्शन तोमर रामू कुशवाह संजय सिंह यादव विक्रम सिंह राजावत अहिबरन सिंह बघेल ईशाक खान कुलदीप सिंह सोनू बृजेश कुमार दिवाकर दीक्षित सुरेंद्र सेंगर राहुल कुशवाह चंद्रपाल सिंह परिहार अनीस कुरैशी रामजी लाल शाक्य गोविंद शाक्य काजी रिजवान सूरजपाल योगेश कुमार शाक्य अमर सिंह शाक्य प्रमोद दीक्षित आदि कांग्रेसी उपस्थित थे

## महिलाओं की शिक्षा अनिवार्य है - सुनीता कुशवाह

अनिल कुशवाह ब्यूरो



शिवपुरी-खबर कुशवाह धर्मशाला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से है जहां कुशवाह समाज ने सावित्री बाई फुले की जयंती का कार्यक्रम रखा गया कार्यक्रम की शुरुआत माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्प माला पहनाकर और दीप प्रज्वलित किया गया बाद में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जी ने उद्बोधन देते हुए कहा कि माता सावित्रीबाई फुले शिक्षा की देवी से हमें प्रेरित होकर हमें प्रेरणा लेनी चाहिए समाज की महिलाओं को शिक्षा प्रदान की जाए और समाज को जागरूक बनाए रखने के लिए महिला शिक्षा होना अनिवार्य है जब तक समाज की महिलाएं शिक्षित नहीं होंगी तब तक समाज में तरक्की और जागृति आने मैं बहुत समयका इंतजार करना पड़ता है जिस माता सावित्रीबाई फुले जी ने महिलाओं की शिक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया उसी प्रकार हम महिलाएं समाज को जागृत करने के लिए हमें स्त्री शिक्षा पर विशेष जोर देना ही पड़ेगा क्योंकि महिला ही घर की देवी और समाज की देवी होती है उसका शिक्षित होना अनिवार्य होता है इस कार्यक्रम के अवसर पर सुनीता को महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जी और उनकी महामंत्री रेखा कुशवाहा जी उपस्थित रहे ।और समाज के जिला अध्यक्ष अवधेश कुशवाहा जी और उनकी टीम ने भी पूरी तरह से महिला शिक्षा पर जोर दिया इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विपिन कुशवाहा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नीरज कुशवाहा महामंत्री रवि कुशवाहा राजेंद्र कुशवाहा कमल कुशवाहा नरेंद्र कुशवाहा पान वाले सोनू मल कुशवाहा मुकेश कुशवाह एडवोकेट मान सिंह कुशवाह सोनू सूर्यवंशी चंदन कुशवाहा तुलसी राम कुशवाहा जी और समाज के वरिष्ठ लोग सम्मिलित हुए

# शिक्षित समाज ही अपने हक़ की आवाज़ बुलंद कर सकता है- आनंद लोधी



**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**

**सम्मान से समझौता नही करेगा लोधी समाज आगरा**

**आगरा।** आज अखिल भारतीय लोधी महासभा के द्वारा नए बर्ष के आगमन पर श्रीराम वाटिका में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे आगरा की सभी बिधानसभा से समाज के प्रमुख लोग समाज सेवी जिलापंचायत सदस्य प्रधान बी डी सी एवम अखिल भारतीय लोधी महासभा के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में महासभा के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह लोधी के साथ साथ सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि देश की आजादी से अब तक आगरा लोधी समाज का सभी राजनैतिक दलों ने अपने फायदे के लिये इस्तेमाल किया है। किसी भी राजनीतिक दल ने समाज को वह सम्मान व राजनीतिक स्थान नहीं दिया जिसका उस पर आबादी के अनुरूप हक था वर्तमान में लोधी समाज अपना शत प्रतिशत वोट भाजपा को देता है किंतु भाजपा ने भी आज तक समाज को उसका जायज सम्मान नहीं दिया आगामी विधानसभा चुनाव में लोधी समाज को उचित सम्मान नहीं दिया तो लोधी महासभा गांव गांव जाकर अपने सम्मान व स्वाभिमान के साथ राजनैतिक भागीदारी की बात समाज के बीच रखेगी जिसका परिणाम राजनैतिक दलों के लिए विपरीत होंगे इसके साथ ही अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी ने कहा कि लोधी महासभा समाज में व्याप्त कुरितियों के साथ समाज के स्वाभिमान की लड़ाई खेत खलियान से लेकर सड़क तक लड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने समाज के युवाओं से आवाहन किया की समाज में शिक्षा की अलख हर घर गाँव तक पहुँचाये। शिक्षित समाज ही समाज को चहुँओर विकसित कर सकता है। बबलू लोधी ने कहाँ समाज को आर्थिक विकास पर भी जोर देना चाहिए कार्यक्रम में नव निर्वाचित सदर तहसील के अध्यक्ष एड. लाल बहादुर राजपूत, उपाध्यक्ष एड.देवी सिंह राजपूत जी, किरावली एड. अनेक सिंह वर्मा का स्वागत सम्मान किया।

विचार गोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता निहाल सिंह भोले एवम रामजीलाल एडवोकेट की संचालन अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के प्रदेश संगठन महामंत्री हरिहोम लोधी और जिला अध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राकेश एडवोकेट मिश्रीलाल राजपूत राजपूत महावीर लोधी मोहन सिंह लोधी डॉ लालसिंह लोधी गोरधन सिंह लोधी तेजवीर सिंह लोधी अतर सिंह नरवरिया अनेक सिंह वर्मा डॉ भरत सिंह वीरेंद्र लोधी विनोद राजपूत धर्मेंद्र राजपूत जालंधर लोधी मिथुन लोधी के पी सिंह प्रेमसिंह लोधी जितेन्द्र लोधी चंदन सिंह राजपूत महेश लोधी राममूर्ति राजपूत मुन्नालाल राजपूत देवेंद्र लोधी संतोष लोधी योगेंद्र लोधी राहुल लोधी रविन्द्र लोधी इत्यादि मौजूद रहे।

## अम्बाह में शुरु हुआ 15 से 18 वर्ष के किशोरों का कोबिड टीकाकरण, अभिवाभकों एवं किशोरों में दिखा उत्साह...



**सुनील तोमर रिपोर्टर अम्बाह**

**अम्बाह...** आज तीन जनवरी से समूचे मध्यप्रदेश में 15 से 18 वर्ष के किशोरों का वैक्सीनेशन शुरू हुआ इसी प्रकार अम्बाह में एसडीएम राजीव समाधियां के कुशल प्रबंधन में स्कूलों में ही किशोरों को वैक्सीन लगाई गयी स्कूल में वैक्सीन लगने से किशोरों ने उत्साह के साथ आगे बढकर वैक्सीनेशन में भाग लिया

कक्षा 12 वी के छात्र अरूण शर्मा ने आज वैंक्सीन का पहला डोज लगवाया जब अरूण से बात की गई उसे पूछा आपको कैसा फील हो रहा है

तो अरूण ने बताया हमें बहुत खुशी है की हमको हमारे स्कूल में सरकार ने वैक्सीन लगवाई तो हमें कोई डर नहीं लगा क्योंकि स्कूल हमारा अपना है अगर अस्पताल जाना होता तो हमारे मन में थोडा डर महसूस होता क्योंकि अस्पताल में बीमार लोग जाते है हमको बडा इंतजार था वैक्सीन का क्योंकि घर में सभी को वैक्सीन के डबल डोज लग चुके हैं आज हमारा भी नम्बर आ ही गया उधर दूसरे छात्र दसवीं कक्षा में पढने वाले आदित्य शर्मा से बात करी तो उन्होंने कहाँ मैं वैक्सीन लगाने वाले डाक्टर सहाब की सेवा भावना से बहुत उत्साहित हूँ मैं भी डाक्टर बनूंगा और कोरोना जैसी महामारी से लडकर अपने देश के नागरिकों की सेवा करूंगा

### वन-टू-वन

## आरटीओ द्वारा अवैध वसूली अभियान जोरों पर

**पुष्पांजली टुडे ग्वालियर।** आर.टी.ओ. ग्वालियर द्वारा ग्वालियर एवं घाटीगांव के बीच मे डंडो के बल पर ट्रको से वसूली जोरो पर है। एक चार पहिया का वाहन जिसपर RTO की प्लेट लगी हैं और जिसका गाड़ी नम्बर एमपी07 TA 2236 है। सड़क पर बेडी लगाकर डंडो वाले लड़को द्वारा वसूली अभियान जोरो पर हैं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को इस दिशा मे ध्यान देने की जरूरत है। क्या यह अवैध वसूली परिवहन कमिश्नर के संज्ञान मे हो रही हैं।

एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुशासन की बात करते है दूसरी ओर उनके कर्मचारी इस प्रकार अवैध वसूली जारी रखे हैं। क्या ऐसा ही सुशासन है।

### शासन द्वारा नहीं हुआ भुगतान



किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर ज्वार बाजरा उपार्जन केन्द्रो पर बेचा गया शासन द्वारा अभी तक भुगतान नहीं किया गया और कुछ किसानों द्वारा ज्वार बाजरा उपार्जन केन्द्रो पर तुलवा दिया गया उनकी पोर्टल पर कोई भी प्रविष्टी नही की गई उनको केन्द्रो द्वारा पर्चियां दे दी गई किसानों द्वारा चढाने के लिये बोला जाता है तो अधिकारियों द्वारा चढ़ाने के लिये केन्द्र प्रभारियों से मना कर दिया जाता है और किसानों द्वारा केन्द्र पर तुलाया गया बाजरा किसानों को वापिस करने के लिये कहा गया है अधिकारियों द्वारा किसानों को आश्वासन देते रहे कि सरकार से कुछ छूट आने वाली है 22 नवम्बर से लेकर 31 दिसम्बर तक कोई आश्वासन नहीं मिला और खरीदी दिनांक समाप्त हो गई कोरोना के चलते और अति वर्षा होने से किसानो का ज्यार बाजरा की गुणवत्ता में कमी आई है। गोहद वि0स0 में किसानों की निम्न समस्यायें व्याप्त है जिसमें किसानों का तुला हुआ ज्वार बाजरा जमा करवाया जाये। और किसानों का भुगतान भी किया जाये।

# पुलिस से बोले व्यापारी, समय बताओ कब पकड़ोगे चोरों को



जौरा से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे मुरैना के जौरा में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही चोरियों से व्यापारी आक्रोशित हैं। सोमवार को व्यापारियों ने एकत्रित होकर बाजार में जुलूस निकाला तथा पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद व्यापारी जौरा पुलिस थाने पहुंचे तथा थाने का घेराव किया। घेराव के दौरान जब पुलिस अफसरों ने उन्हें चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया तो व्यापारी बोले हमें समय बताओ, कब गिरफ्तार करोगे चोरों को। व्यापारियों ने पुलिस के चेतावनी दी है कि अगर चोरों को अगर जल्द न पकड़ा गया तो वे चक्का जाम कर देंगे। उसके बाद एसडीएम के लिखित आश्वासन के बाद व्यापारी वापस हुए जौरा में लगातार चोरी की वारदात घटित हो रही हैं। पुलिस चोरों को पकड़ने में पूरी तरह से नाकाम है। हाल ही में जौरा में लगातार तीन चोरियां हुईं। इमें सोना चांदी व्यापारी राजेश गोयल की दुकान से चोर 16 लाख रुपए का माल समेट ले गए थे। बीते दिन चोर दिन दहाड़े एक व्यक्ति राजाराम त्यागी उर्फ बाबूजी के घर से लगभग 20 लाख रुपए का सामान चुरा ले गए। यह चोरी तो दिन-दहाड़े हुई थी। घर के सदस्य सुबह 10 बजे अपने गांव निधान गए थ। शाम को 6 बजे जब लौट कर वापस आए तो देखा कि घर में चोर घुस गए और 20 लाख का सोना-चांदी तथा नगदी चुरा ले गए। दिन-दहाड़े हुई इस चोरी से जौरा के लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। अपने आपको पूरी तरह असुरक्षित समझ रहे हैं *जुलूस निकालकर की नारेबाजी* जौरा के सभी दुकानदारों ने एकत्रित होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जुलूस निकाला तथा जमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी लोग जौरा थाने पहुंचे तथा वहां पर उन्होंने थाने का घेराव किया। घेराव करने के दौरान थाना प्रभारी निकल कर आए तथा जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया लेकिन व्यापारी नहीं माने। उन्होंने पुलिस को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर जल्द से जल्द चोरों को नहीं पकड़ा गया तो वे चक्काजाम कर देंगे। व्यापारियों के यह तेवर देखकर पुलिस चकरघिन्नी बनी हुई है *दो खेमों में बटे दिखे कांग्रेसी*प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस दो खेमों में बटी दिखी। सुबह 10:45 पर व्यापारियों के साथ कांग्रेसी नेता भानूप्रताप थाने में पहुंचे तथा 11 बजे कांग्रेसी नेता पंकज उपाध्याय कुछ अन्य व्यापारियों के साथ जौरा थाने पहुंचे, लेकिन उनके पहुंचते ही पहले से वहां मौजूद कांग्रेसी नेता भानूप्रताप चुपचाप निकल लिए।

## छोटे बच्चे को अकेला पाकर तीन लोगों ने कर दी ठगी




**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी के कोतवाली थाना क्षेत्र नवाब साहब रोड शहर जहां मुस्कान इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर आर्यन धाकड़ उम्र 18 साल बैठा हुआ था जो कि दुकान मालिक का पुत्र है लड़का दुकान पर अकेला बैठा हुआ था तभी तीन ठग दुकान पर आए और आर्यन से दो एलईडी लेने की बात कही इस पर दुकानदार पुत्र ने उनको दो एलईडी लाकर दी और इसके एवज में ठगों ने ?2000 का नोट निकालकर आर्यन धाकड़ को दिया इस पर आर्यन धाकड़ ने 1820 रुपए उनको लौटा दिया इसके बाद उठो का काम नहीं चला तो वह एलईडी बल्ब को लौटाने की बात कहने लगे और अपना दो 2000 का नोट वापस करने की आर्यन धाकड़ से बोलने लगे इस पर लड़के ने उनको ?2000 का नोट वापस कर दिया वापस करने के बाद भगवान ने दोबारा कम करने की बात कही लेकिन आर्यन धाकड़ ने कम करने से मना कर कर दी और उनका 2000 का नोट वापस कर दिया मौका पाकर ठगों ने आर्यन से 2000 का नोट और 1820 रुपए और एलईडी बल्ब तीनो चीज़ ले गए भाग गए घटना के बाद जब दुकानदार भगवान सिंह धाकड़ दुकान पर पहुंचे तो लड़के ने सारी घटना सुनाई इसके बाद सीसीटीवी कैमरा चेक किया गया तो पाया कि ढंग पैसे और सामान दोनों ही लेकर चले गए इस पर भगवान सिंह धाकड़ ने कोतवाली जाकर पूरी घटना का विवरण कोतवाली में सुनाया।

# मुरैना में पुलिस की बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में दिया थाने में धरना...





**राधा तोमर रिपोर्टर अम्बाह**

**मुरैना...** जौरा नगर में दिनदहाड़े चोरियों एवं बढ़ते अपराधों से भयभीत नागरिकों एवं व्यापारियों के साथ मध्य प्रदेश कांग्रेस के महासचिव जौरा विधानसभा से कांग्रेसी प्रत्याशी रहे पंकज उपाध्याय ने सैकड़ों व्यापारियों के साथ ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर गांधीवादी तरीके से धरना दिया एसडीओपी मानवेंद्र सिंह कुशवाहा के लिखित आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 3 जनवरी सोमवार को पंकज उपाध्याय सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों नागरिकों के साथ नगर में हो रही दिनदहाड़े ताबड़तोड़ बढ़ते अपराधों के विरोध में धरना आंदोलन करने थाने पहुंचे ।थाने प्रांगण में व्यापारियों के साथ धरना आंदोलन प्रारंभ होते ही नागरिकों एवं व्यापारियों की संख्या आने पर बढ़ने लगी यहां पर पंकज उपाध्याय का कहना था कि मुरैना पुलिस की निष्क्रियता के चलते अपराध हो रहे हैं दिनदहाड़े गोलियां चल रही है मोटरसाइकिलओं की चोरियां हो रही है राह चलते लोगों से बदमाश मोबाइल छीन कर ले जाते हैं तो लोगों की जेब भी कट रही है इससे स्पष्ट है कि मुरैना जिले में कानून व्यवस्था ध्वस्त है अपराधियों से पुलिस के कुछ कर्मचारी भी मिले हुए हैं जिस से ही यहां चोरियां हो रही है गोलियां चल रही है जौरा जनपद पंचायत कार्यालय के पास पप्पू जैन के यहां गोलियां चली तो सब्जी मंडी में प्रकाश आइसक्रीम बालों के यहां गोलियां चलाई पंजाबी गली के पास भी ब्यूटी पार्लर संचालक के यहां दिनदहाड़े गोली चली तो नगर के हृदय स्थल घड़ी स्कूल के पास भी गोलीबारी की घटना हुई चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि 3 दिनों में दो बड़ी चोरियां हो गई सर्राफा व्यापारी यह दुकान से लगभग 20 लाख की चोरी और त्यागी परिवार के घर पर लगभग 20 लाख की चोरी से ऐसा प्रतीत होता है कि चोरों में पुलिस का कोई डर नहीं रहा पंकज उपाध्याय का यह भी आरोप था कि जोरा थाने में 1 वर्ष का रिकॉर्ड उठाकर देखा जाए तो 7 महीने तो सब इंस्पेक्टर से टी आई का कार्य कराया गया है जबकि जोरा थाना बड़ा थाना है टीआई थाना है इसके बावजूद राजनैतिक दबाव के चलते सब इंस्पेक्टर से टी आई गिरी कराई जाती है जब कि पुलिस लाइन मे जिले के अब्बल थाना प्रभारियो में गिने जाने बाले जितेन्द्र नगाइच जिनसे अपराधियो मे हमेशा खोफ रहता है राजनीति दबाब से लाइन मे पदस्थ है 1 वर्ष के भीतर लगभग सात थाना प्रभारियों का ट्रांसफर हो चुका है इससे भी स्पष्ट है कि अपराधी एवं कुछ पुलिसकर्मियों की सांठगांठ है।

# ग्राम पीपरी में गौ रक्षा संगठन से जुड़े दर्जनों युवा हुआ चौपाल कार्यक्रम



**गौ पालको को पुलिस की कठोर दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए किया सचेत**

**दबोह( अर्पित गुप्त उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

ग्राम पिपरी में मां गायत्री गौ रक्षा संगठन के तत्वाधान में गौ संवर्धन पर्यावरण संरक्षण के विषय को लेकर ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ।चौपाल में उपस्थित गौ रक्षा संगठन संस्थापक संतोष चौहान ने गौ माता का महत्व बताते हुए कहा कि गौ सेवा गौ सुरक्षा करने वाले पर सभी देवता एवं पितर प्रसन्न होते हैं।शासन प्रशासन के भरोसे ना रहकर हमें गौ माता की रक्षा के लिए गौ सेवा के लिए खुद आगे आना चाहिए।अपनी पालतू गाय को दूध निकालने के बाद आवारा छोड़ने वाला अधर्मी व्यक्ति कानूनी रूप से भी अपराधी है और धर्म सिद्धांत अनुसार पाप का भागीदार है पालतू छोड़ी गई गाय की यदि भूख प्यास बीमारी दुर्घटना का शिकार होकर मौत होती है तो अब भिंड एसपी महोदय ने गौ पालक पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करना प्रारंभ कर दिया है अपनी पालतू गाय को दूध निकालने के बाद आवारा ना छोड़ें पुलिस की दंडात्मक कठोर कार्यवाही से बचें गौ माता के श्राप एवं गौ हत्या के महापाप से बचें पालतू गाय को घर के मंदिर में परमात्मा का देवताओं का स्वरूप समझकर सेवा करोगे तो गौ माता के आशीर्वाद से सुख समृद्धि यश कीर्ति धन वैभव की प्राप्ति होगी अनंत पुण्य फल की प्राप्ति होगी।गौ रक्षा संगठन से जुड़कर गौ सेवा का पुनीत कार्य करने के लिए ग्राम के दर्जनों युवाओं ने गौ रक्षा संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

**गहरे दलदल में फंसी गाय को सुरक्षित निकाला बाहर:** शनिवार को गांव के एक गहरे नाले के दलदल में एक गाय फस गई थी गांव के गौ भक्तों ने 3 घंटों की कड़ी मशक्कत प्रयास के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकालकर गौ माता की जान बचाई गौमाता को सुरक्षित बाहर निकालने के सेवा कार्य में,राजवीर पाल अशोक विश्वकर्मा देवेंद्र पाल राम लखन मुद्गल विवेक मुद्गल शैलेंद्र पाल अभिषेक मुद्गल आदि ग्रामीणों ने सराहनीय सहयोग किया।तो इसी दौरान पटवारी रामसिंह भी मौजूद रहे।

## जनवादी महिला समिति ने मनाई सावित्री फुले जयंती



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** भारत की पहली महिला अध्यापिका शिक्षा की कुलदेवी महान समाज सुधारक माता सावित्रीबाई फुले की 190 वी जयंती गोहद में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति द्वारा मनाई गई मुख्य वक्ता जनवादी महिला समिति की राज्य सचिव प्रीति सिंह उपस्थित थी संचालन गोहद महिला समिति सचिव शोभा माहौर ने किया ! इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला समिति राज्य सचिव प्रीति सिंह ने कहा की शिक्षा जगत की पहली अध्यापिका सावित्रीबाई फुले हैं मगर उनको सरकार द्वारा याद नहीं किया जाता है पाठ्यक्रमों में उनको नहीं पढ़ाया जाता है आज विद्यार्थियों के बीच सावित्रीबाई फुले की पहचान नहीं के बराबर है उन्होंने शिक्षा के दरवाजे खोलें तथा महिला उत्थान के लिए काम किए महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले का नाम इतिहस के पन्ने में दर्ज है रूढ़िवादी कुरीतियों एवं पाखंड के खिलाफ सावित्रीबाई फुले ने डटकर मुकाबला करते हुए संघर्ष किया और लड़कियों के लिए स्कूल खोलें जिसमें लडकियों को पढाया गया उन्होंने कहा आज की जयंती में हम महिलाओं को संकल्प लेना चाहिए कि उनके द्वारा किए गए संघर्ष को आगे बढ़ाए जाने की आवश्यकता को देखते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर ही आगे बढ़ना होगा तथा उनके विचारों को महिलाओं के बीच ले जाना ही हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है उन्होंने कहा जनवादी महिला समिति महिला उत्थान के लिए उनके ऊपर जारी शोषण के खिलाफ भेदभाव पूर्ण सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष की अगली कतार में है और संघर्ष के मैदान में बनी रहेगी उन्होंने आज मनाई गई जयंती को यादगार बताया इससे पूर्व सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई उपस्थित सभी महिलाओं ने उनके रास्ते पर चलने का संकल्प लिया तथा महिला समिति को मजबूत बनाने तथा महिला आंदोलन को चरम पर पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया है सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर पूर्व गोहद नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर प्रेमवती प्रजापति कमलाबाई कुशवाह मंजू राठौर रेखा राठौड़ नीतू राठोर विमला राठौर रामसखी प्रजापति प्रकाश बती रामदेव राजकुमारी परिहार ममता रावत सरोज श्रीवास कैलाशी श्रीवास दक्खो बाई रामवती माहौर मीरा जाटव सहित सैकडों महिलाएं उपस्थित रहीं।




## सावित्रीबाई फुले की जयंती पर संकल्पित होकर बेटियों को शिक्षा की ओर करें अग्रसरमानसिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**शेरपुर में मनाई गई शिक्षा का अलख जगाने वाली प्रथम महिला शिक्षका की 191 वीं जयंती**

भिण्ड ।सामाजिक कुप्रथाओं के बीच महिलाओं को शिक्षा का अधिकार ना होने के बावजूद भी प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के लिए 18 स्कूलों को खोलने का काम किया था।लेकिन 170 साल बाद भी ग्रामीण अंचल में बेटियों को शिक्षा के प्रति जागरूकता नहीं है।हम सबको मिलकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है।तभी शिक्षा की देवी का यह सपना साकार हो सकेगा यह बात शेरपुर में सावित्रीबाई फुले की 191वी जयंती पर आयोजित किए गए कार्यक्रम के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कही। जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने सर्वप्रथम माता सावित्रीबाई फुले एवं महापुरुष ज्योतिराव फुले की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि सामाजिक कुप्रथाओं के बीच महिलाओं को शिक्षा का अधिकार नहीं था।बावजूद इसके उन्होंने 18 महिला स्कूलों को ना सिर्फ खुला बल्कि उसमें शिक्षिका के रूप में सभी को विद्या का दान दिया। इतना ही नहीं जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने उनके जीवन से जुड़ी घटना के बारे में बताते हुए कहा कि महापुरुष ज्योतिराव फुले और विद्या की देवी सावित्री बाई फुले ने साल 1848 में पुणे में बालिका विद्यालय की स्थापना की।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्वालियर में 12 जनवरी को लगेगा विशाल स्वरोजगार मेला

**कलेक्टर ने डीएलसीसी की बैठक लेकर बैंकर्स से की चर्चा**

ग्वालियर। राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत ग्वालियर जिला मुख्यालय पर 12 जनवरी को विशाल स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में सरकार की विभिन्न स्वरोजगारमूलक योजनाओं के तहत जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये आर्थिक सहायता वितरित की जायेगी। इस सिलसिले में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सोमवार को डीएलसीसी (जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार एवं संवीक्षा समिति) की बैठक ली। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में मौजूद विभिन्न बैंकों के समन्वयकों से कहा कि वे विशेष रूचि लेकर प्रधानमंत्री स्व-निधि व मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना, मुद्रा योजना, कैश क्रेडिट लिमिट व उद्यम क्रांति सहित सरकार की अन्य योजनाओं के तहत प्रमुखता से ऋण - अनुदान वितरित कर बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोगी बनें। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार मेले से पहले की शेष सभी प्रकरणों को मंजूर कर ऋण वितरण की पूरी तैयारी कर ली जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को भी बैंकों से समन्वय बनाकर अधिक से अधिक प्रकरणों में ऋण वितरित कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष सक्सेना, लीड बैंक अधिकारी, विभिन्न बैंकों के समन्वयक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### कोविड मरीजों की मदद के लिए हैल्पलाइन सेवायें शुरू

**वॉट्सएप वीडियो कॉल से मिलेगी डॉक्टर की सलाह**





ग्वालियर। कोरोना की तीसरी लहर को परास्त करने के लिये जिले में बनाई गई रणनीति के तहत जिला प्रशासन द्वारा कोविड मरीजों के इलाज के लिए हैल्पलाइन सेवायें शुरू की गई हैं। यहाँ स्मार्ट सिटी में बनाए गए कंट्रोल रूम सह एकीकृत कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से 24 घंटे ये सेवायें उपलब्ध रहेंगीं। जिसके तहत चिकित्सकों से वॉट्सएप वीडियो कॉल के जरिए सलाह भी ली जा सकेगी। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस सेवा में तैनात किए गए सभी अधिकारियों एवं चिकित्सकों से कहा है कि पूरी संवेदनशीलता के साथ कोविड मरीजों को सलाह दें। साथ ही उनका मनोबल भी बढ़ाएं।

### ये हैं हैल्पलाइन सेवा के नम्बर

डॉक्टर्स से वॉट्सएप वीडियो कॉल के माध्यम से सलाह लेने के लिए जारी किए गए मोबा. नम्बर 7089003193 है। इसी तरह कोविड संक्रमित मरीजों को निःशुल्क मेडीसिन किट उपलब्ध कराने के लिये कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर में फोन नम्बर 0751-2646605, 2646606, 2646607 व 2646608 निर्धारित किए गए हैं। वॉट्सएप पर रिपोर्ट प्राप्त करने के लिये फोन नं. 0751-2646608 निर्धारित है। इसी तरह आपातकाल एम्बूलेंस हैल्पलाइन सेवा का फोन नम्बर 0751-2646609 रखा गया है।

### 15-18 वर्ष के बच्चों के लिए कोविड टीकाकरण शुरू होने पर, केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने दी बधाई

ग्वालियर/श्योपुर-मुरैना/नई दिल्ली, 03 जनवरी 2022/ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में, देश में आज से 15-18 वर्ष उम्र के किशोरों-युवाओं को कोविड वैक्सीन की खुराक देना शुरू करने पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बधाई देते हुए सभी के स्वस्थ रहने को लेकर शुभकामनाएं दी है। देशव्यापी अभियान के तहत श्योपुर-मुरैना में भी आज से 15-18 वर्ष उम्र के किशोरों व युवाओं को वैक्सीन की खुराक देना प्रारंभ कर दिया गया है। श्री तोमर ने उम्मीद जताते हुए कहा कि सरकार, जनता, संगठन सभी के संयुक्त प्रयासों से देश कोरोना संकट से निपटने में अवश्य सफल होगा। श्री तोमर ने कहा कि कोरोना महामारी से मुकाबले के लिए हमारे देश में पिछले साल 16 जनवरी से वैक्सिनेशन कैम्पेन शुरू किया गया था और सालभर से भी कम समय में कोविड-19 वैक्सीन की रेकार्ड खुराक भारतवर्ष में लगाई जा चुकी है। उन्होंने दृढ़ संकल्प और सतत् प्रोत्साहन के साथ दुनिया के सबसे बड़े इस टीकाकरण अभियान का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को हार्दिक धन्यवाद दिया, वहीं नागरिकों के प्रति भी आभार जताते हुए कहा कि जिले में शासन-प्रशासन महत्वपूर्ण अभियान संचालित कर रहा है, जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों का भी दायित्व बनता है कि वे इसमें सहभागिता निभाएं। साथ ही, सभी लोग कोरोना प्रोटोकाल का पालन कर इस महामारी से निपटने में अपना योगदान दें।




## संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर ने लिया टीकाकरण का जायजा

# पहले दिन 23 हजार से अधिक बच्चों को लगे मंगल टीके





ग्वालियर। वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव के लिए ग्वालियर जिले में भी सोमवार 3 जनवरी से 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाने का पुनीत अभियान शुरू हुआ। अभियान के पहले दिन जिले में सोमवार को सायंकाल तक 23 हजार से अधिक बच्चों को मंगल टीके लगाकर कोरोना सुरक्षा कवच पहनाया गया। कुल मिलाकर इस दिन लगभग 25 हजार कोरोना के डोज लगाए गए।

संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने भी सोमवार से बच्चों के टीकाकरण के लिये शुरू हुए अभियान का जायजा लिया। उन्होंने यहां केन्द्रीय विद्यालय क्र.-1 पर पहुँचकर टीकाकरण देखा। साथ ही टीका लगवाने आए बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर के गुप्ता ने बताया कि किशोरवय बच्चों को अब बुधवार को टीके लगाए जायेंगे। हर हफ्ते सोमवार, बुधवार, गुरूवार व शनिवार का दिन 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण के लिये तय किया गया है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि चरणबद्ध ढंग से ग्वालियर शहर सहित जिले के सभी स्कूलों को कवर कर टीके लगाए जायेंगे।

### संभाग आयुक्त श्री सक्सेना की गरिमामय उपस्थिति में कला समारोह सम्पन्न



ग्वालियर। रंग-शिल्प समिति एवं ग्वालियर स्मार्ट सिटी के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 16 दिवसीय कला समारोह का संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना और डीन गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय डॉ. समीर गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति में समापन हो गया। अतिथि द्वय ने कला समारोह के अंतिम चरण की युगल प्रदर्शनी जिसमें डॉ. संजय धवले और श्री के पी श्रीवास्तव की मूर्तियां और पेंटिंग्स प्रदर्शित थीं, का अवलोकन किया। अतिथि द्वय ने प्रदर्शनी में लगीं एक-एक पेंटिंग देखीं। इस अवसर पर संस्था को साधुवाद देते हुए उन्होंने ऐसे आयोजनों की निरंतरता पर बल दिया। साथ ही अलाकारों की कलाकृतियों की भी मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कलाकारों से निरंतर रचनात्मक सृजना द्वारा कला प्रेमियों को आनंदित करते रहने का आग्रह किया। अतिथि द्वय ने इस अवसर पर कला समारोह के कैटलॉग का भी विमोचन किया। उल्लेखनीय है कैटलॉग जिसमें नगर के 30 से अधिक कलाकारों की कलाकृतियों और परिचय को शामिल किया है। रंग-शिल्प समिति के अध्यक्ष श्री के पी श्रीवास्तव ने इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत करते हुए संभाग आयुक्त को कलाकारों के लिए साधना स्थली जहां छोटे से लेकर बुजुर्ग कलाकार मिलजुलकर काम कर सकें, सुलभ कराने का आग्रह किया। संस्था के सचिव श्री द्युतिवर्धन गुप्ता ने समिति के क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. धवले ने भी इस अवसर पर अपनी कला सृजना पर संक्षिप्त में जानकारी दी। इस अवसर पर नगर के प्रख्यात पत्रकार एवं लेखक श्री राकेश अचल, श्री चन्द्रवेश पाण्डे, फाईन आर्ट कॉलेज के प्राचार्य श्री मधुसूदन शर्मा, समिति के सदस्य कलाकार, अपर संचालक जनसंपर्क श्री जी एस मौर्य, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री मधु सोलापुरकर तथा श्री हितेन्द्र सिंह भदौरिया भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री सुभाष अरोड़ा ने किया।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड-7 का भ्रमण कर देखी स्वच्छता व्यवस्था



ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नव वर्ष के अवसर पर आज सोमवार को वार्ड क्रमांक 7 का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान आमजन से स्वच्छता की अपील करते हुए कहा कि हम घर, गली, मौहल्ला को स्वच्छ रखेगें तभी हमारा ग्वालियर प्रदेश व देश में स्वच्छता में प्रथम स्थान पर आ सकता है। स्वच्छता के कार्य के लिए हमें किसी भी प्रकार की शर्म नहीं करनी चाहिए। स्वच्छता निगम का ही कार्य नहीं बल्कि जन-जन का नारा होना चाहिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सुबह सुबह ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आम नागरिकों की समस्याओं को जानने और उनका निराकरण करने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 7 का पैदल भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान इंदिरा नगर से खरगेश्वर मंदिर तक निकले नाले को खुलवाकर स्वंय साफ किया तथा अधिकारियों से मशीन द्वारा स्वयं खडे होकर साफ करवाया। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह नाला बरसात के समय पूरा चौक हो जाता है तथा घरों में गंदा पानी भरने लगता है। इसलिए इस नाले की सफाई नियमित की जाए, जिससे आमजन को असुविधा न हो। साथ ही आमजन से कचरा रोड पर व नाली में न डालने की अपील की। इसके साथ ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान अमृत योजना के तहत डाली गई लाइनों के कारण खुदी पडी सडक को लेकर संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्य के लिए भी मुझे बोलना पडेगा। उन्होंने कहा कि वार्ड में भ्रमण कर अमृत योजना के कारण खुदी सडकों के पेच रिपेयरिंग का कार्य तीव्रगति से किया जाए। इसके साथ ही 6.5 लाख रूपये की लागत से बनाई जा रही तेली की बगिया वाली रो? का भूमि पूजन किया। भ्रमण के दौरान इंदिरा नगर से निकली हाइटेंशन लाइन को हटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र का भ्रमण कर क्षेत्रवासियों से आवेदन लें तथा इसका प्रस्ताव बनाकर शासन स्तर पर भिजवायें, जिससे हाइटेंशन लाइन को हटाने की कार्यवाही की जा सके।

## कोविड के खिलाफ लड़ाई में प्राइवेट अस्पतालों का भी सहयोग लिया जाएगा

**संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर ने ली प्राइवेट अस्पतालों के संचालकों की बैठक**

**प्रथम चरण में 50 बैड की क्षमता वाले प्राइवेट अस्पतालों को मिलेगी मरीज भर्ती करने की अनुमति**



ग्वालियर। कोरोना की तीसरी लहर के खिलाफ ल?ाई में सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ जिले के प्राइवेट अस्पतालों का भी सहयोग लिया जायेगा। उपलब्ध बैड, आईसीयू और ऑक्सीजन की उपलब्धता के आधार पर चरणबद्ध ढंग से प्राइवेट अस्पतालों में मरीज भर्ती कराए जायेंगे। इसके लिए अस्पतालों की तीन कैटेगिरी बनाई गई हैं। इस आशय की जानकारी संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की मौजूदगी में आयोजित हुई शहर के प्राइवेट अस्पताल व नर्सिंग होम के संचालकों की बैठक में दी गई। विभिन्न प्राइवेट अस्पतालों के प्रबंधन ने बैठक में भरोसा दिलाया कि कोरोना की तीसरी लहर को परास्त करने में प्राइवेट अस्पताल भी पुरजोर सहयोग देंगे। बैठक में तय किया गया कि प्रथम चरण में ऐसे निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम में कोरोना मरीज भर्ती करने की अनुमति रहेगी, जिनमें कम से कम 50 बैड की क्षमता है। अस्पतालों को मरीजों के भर्ती करने से पूर्व सार्थक पोर्टल पर अनिवार्यतः नोटिफिकेशन कराना होगा। जरूरत होने पर दूसरे चरण में कम से कम 30 बैड और तीसरे चरण में 30 बैड से कम क्षमता वाले प्राइवेट अस्पतालों को कोविड मरीजों का इलाज कर सकेंगे। जिन प्राइवेट अस्पतालों को कोविड अस्पताल के रूप में अधिकृत किया जाएगा वहाँ उपलब्ध सुविधाओं व व्यवस्थाओं का सत्यापन करने जिला प्रशासन की विशेष टीम जायेगी। व्यवस्थायें ठीक होने पर ही वहां पर कोविड मरीज भर्ती करने की अनुमति मिलेगी।

प्रथम चरण में अपोलो हॉस्पिटल, बीआईएमआर

**कॉंग्रेस ने सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई**

## विधायक डॉ.सिकरवार ने कुशवाह समाज की 101 महिलाओं का किया सम्मान




ग्वालियर। माता सावित्री बाई फुले की जयंती आज लश्कर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कॉंग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के मुख्यआतिथ्य में ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर मनाई गई। इस अवसर पर सावित्री बाई फुले के चित्र पर डॉ. सिकरवार एवं मौजूद अन्य कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजली अर्पित की। इसके साथ ही विधायक डॉ. सिकरवार ने कुशवाह समाज की 101 बुजुर्ग महिलाओं का शॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉंग्रेस नेता अबधेश कौरव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत के पहली बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। महात्मा ज्योतिबा को महाराष्ट्र और भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में एक सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में माना जाता है। उनको महिलाओं और दलित जातियों को शिक्षित करने के प्रयासों के लिए जाना जाता है। ज्योतिराव, जो बाद में ज्योतिबा के नाम से जाने गए सावित्रीबाई के संरक्षक, गुरु और समर्थक थे। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। वे एक कवियत्री भी थीं उन्हें मराठी की आदिकवियत्री के रूप में भी जाना जाता था। वे स्कूल जाती थीं, तो विरोधी लोग उनपर पत्थर मारते थे। उन पर गंदगी फेंक देते थे। आज से 171 साल पहले बालिकाओं के लिये जब स्कूल खोलना पाप का काम माना जाता था तब ऐसा होता था। सावित्रीबाई पूरे देश की महानायिका हैं। हर बिरादरी और धर्म के लिये उन्होंने काम किया। जब सावित्रीबाई कन्याओं को पढ़ाने के लिए जाती थीं तो रास्ते में लोग उन पर गंदगी, कीचड़, गोबर, विष्ठा तक फेंका करते थे।

## तीसरी लहर में इसीडेंट कमांडर पूरी मुस्तैदी से दायित्व संभालें : कलेक्टर श्री सिंह

**नागरिक कोविड अनुरूप व्यवहार करें, इसके लिए निरंतर हो चैकिंग**

**कलेक्टर ने कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश**



ग्वालियर। कोविड-19 की तीसरी लहर में केस तेजी से बड़ने लगे हैं। हम सबको पूरी मुस्तैदी के साथ संक्रमण की रोकथाम के लिए कार्य करना होगा। सभी इंसीडेंट कमाण्डर अपने-अपने क्षेत्र में पूरी सतर्कता के साथ संक्रमण को रोकने की कार्रवाई करें। इसके साथ ही कोरोना के जो मरीज सामने आते हैं उनसे संक्रमण न फैले, इसके लिये भी सभी उपायों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सोमवार को कंट्रोल कमाण्ड सेंटर में कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये आयोजित इस समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कान्याल, सीईओ जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती जयति सिंह, एडीएम श्री इच्छित गड़पाले, श्री एच बी शर्मा, एडिशनल एसपी सुश्री हितिका वासल सहित सभी इंसीडेंट कमाण्डर, पुलिस अधिकारी और कोविड-19 के लिये तैनात किए गए प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि कोविड-19 की तीसरी लहर में कोरोना मरीजों की संख्या निरंतर बड़ रही है। आने वाले दिनों में हमारे जिले में भी मरीजों की संख्या बड़ सकती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमने कोरोना की दूसरी लहर में व्यवस्थायें की थीं, उसी प्रकार की व्यवस्थायें हमें अब कर लेनी होंगी। सभी इंसीडेंट कमाण्डर अपने-अपने क्षेत्र की कमान संभालें और सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करें।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478